# जागरण : गुना : अशोकनगर : शिवपुरी : राजगढ़ : ब्यावरा : उज्जैन

www.dainikjagranmpcg.com ✱ चाचौड़ा ✱ राघोगढ़ ✱ मुंगावली ✱ चंदेरी ✱ पोहरी ✱ कोलारस ✱ जीरापुर ✱ सारंगपुर ✱ बड़नगर ✱ नागदा भोपाल, 09 सितंबर 2025


## न्यूज कार्नर

### आराध्या का राज्य स्तर पर चयन



**नरसिंहगढ़।** संत जोसेफ सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा आराध्या यादव पिता राकेश यादव मलखंभ प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर चयनित हुई। विद्यालय के प्रबंधक फादर जॉर्ज बड़ेकल एवं प्राचार्य सिस्टर जोसीन तथा परिवार जनों इष्टमित्रों विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा छात्रा को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के खेलकूद शिक्षक गोपाल सिंह कपूर और निशा वर्मा के नेतृत्व में छात्रा का राज्य स्तर प्रतियोगिता में चयन हुआ।

### किसान संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**सारंगपुर।** नगर में सोमवार को खराब फसलों की बीमा राशि समेत अपनी अन्य मांगों को लेकर किसानों ने प्रदर्शन किया। भारतीय किसान संघ के बैनर तले सैकड़ों किसानों ने नगर में करीब एक किलोमीटर लंबी ट्रैक्टर, बाइक और पैदल रैली निकाली। इस रैली में किसानों के साथ युवा व बुजुर्ग भी शामिल हुए। किसान पिछले वर्षो में खराब हो रही फसलों की बीमा राशि की मांग कर रहे हैं। भारतीय किसान संघ सारंगपुर के तत्वाधान में शहर में किसानों की 12 सूत्रीय मांगों को लेकर सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ दूरदराज के किसान रैली में शामिल हुए। इसके पहले कृषि उपज मंडी में किसान सभा का आयोजन किया गया। इसके पश्चात् मंडी परिसर से ट्रैक्टर-रैली आरंभ की गई, जो आकोदिया रोड से एबी रोड, एसडीएम चौराहा, अस्पताल रोड, बागकुआं टंकी, रंगेरवाड़ी, सदर बाजार, गांधी चौक, पुराना टाकीज से पुराना बस स्टैंड होते हुए एसडीएम कार्यालय के सामने पहुंची जहां किसानों ने कुछ देर पुराने एबी रोड पर धरना दिया और अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग की। इसके बाद मौके पर तहसीलदार आकाश शर्मा पहुंचे। फिर किसानों एसडीएम कार्यालय पहुंचे, जहां किसानों के द्वारा मुख्यमंत्री, केंद्रीय कृषि मंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम रोहित बम्हौरे को सौंपा। ज्ञापन देने वालों में मध्य भारत प्रांत अध्यक्ष सर्वज्ञ दिवान, समंदर राजपूत, बद्रीलाल नागर, कालुराम दांगी, जितेंद्र नागर, भगवान सिंह पाटीदार, अशोक जाट, देवनारायण नागर, बद्रीलाल पाल आदि मौजूद रहे।

### सीसीटीवी में कैद हुई एक दर्जन लोगों के बीच सराफा दुकान पर हुई चोरी की वारदात

# दिनदहाड़े 10 सेकंड में 30 ग्राम सोने के तमनिया पर हाथ साफ कर गया चोर



**जागरण, ब्यावरा**

शहर में एक बार फिर चोरों के हौसले बुलंद होने लगे हैं। सोमवार को शहर के सराफा बाजार स्थित सोनी की दुकान से दिनदहाड़े महज 10 सेकंड में तीन तोला सोने का तमनिया चोरी कर बदमाश रफुचक्कर हो गया। चोरी का पता लगते ही दुकानदार ने अपने सीसीटीवी कैमरे चेक किए, तो उसमें चोर की हरकत और चोरी घटना कैद हो गई और चोर की तलाश शुरू कर दी।

वहीं दुकानदार ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। हालांकि समाचार लिखे जाने तक रात 9 बजे तक पुलिस थाने पर फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई। उल्लेखनीय है कि अज्ञात चोर ने सराफा बाजार में एक सराफा दुकान पर दिन दहाड़े चोरी की घटना का बड़ी सफाई से अंजाम दिया। इस दौरान दुकान में करीब एक दर्जन ग्राहक भी अपनी खरीदारी कर रहे थे, लेकिन उन लोगों की आंखों में भी धूल झोंककर कुछ ही पल में काउंटर में रखा 30 तोला सोने का तिमन्या चोरी कर फरार हो गया।

### फुटेज के आधार पर तलाश शुरू

सराफा दुकान पर शाम 5.07 बजे चोर अपने हाथ में एक झोला लेकर कुछ देर तक खड़ा रहा। ऐसा लग रहा था मानो दुकान में सामान खरीद रहे अन्य ग्राहकों के साथ आया हो। वह कुछ देर काउंटर के पास झोला लेकर खड़ा रहा। जैसे ही दुकानदार ग्राहकों को अन्य सामान दिखाने कुछ जेवर उठाने लगा, तभी मौके का फायदा उठाकर चोर काउंटर के अंदर रखा 30 ग्राम सोने का तमनिया हाथ डालकर उठाकर चोरी कर लिया और चलता बना। यह सब घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। जब दुकानदार को तमनिया नहीं मिला तो सीसीटीवी कैमरे चेक किए, जिसमें चोर द्वारा काउंटर में हाथ डालकर की गई चोरी करना पाया। इस मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार चोर की तलाश शुरू कर दी है। वहीं सोशल मीडिया पर भी चोरी के सीसीटीवी फुटेज और चोर के फोटो वायरल करते हुए जिस किसी को दिखाई देने पर ब्यावरा थाना प्रभारी के नंबर पर देने की अपील की गई।

### अभी फरियादी नहीं आया

सराफा दुकान में चोरी हुई है। इसमें चोर 30 ग्राम सोने का तमनिया चोरी कर ले गया है। इसके सीसीटीवी फुटेज आए, उस आधार पर चोर की तलाश की जा रही है। फिलहाल फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है। उनके आने के बाद ही दुकानदार का नाम व अन्य जानकारी प्राप्त हो सकेगी।

**वीरेंद्र सिंह धाकड़, थाना प्रभारी शहर, ब्यावरा**

## पीएम व सेना के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले दो पर केस दर्ज

**जागरण, ब्यावरा**




प्रधानमंत्री और भारतीय सेना के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में सोमवार को दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। छापीहेड़ा थाने में दर्ज मामले में अनिल पाटीदार और दुर्गेश नागर को आरोपी बनाया गया है। भाजपा मंडल महामंत्री श्रीनाथ दांगी की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई। दांगी ने अपनी शिकायत में कहा कि आरोपियों की टिप्पणी से भाजपा कार्यकर्ताओं और आम जनता की भावनाएं आहत हुई हैं।

पुलिस ने इस मामले को भारतीय न्याय संहिता की धारा 353 के तहत दर्ज किया है। इस धारा के अनुसार किसी वर्ग या समुदाय को दूसरे के खिलाफ भड़काने वाले बयान देना या अफवाह फैलाना अपराध है। दोषी पाए जाने पर आरोपियों को तीन साल तक की जेल या जुर्माना या दोनों सजा हो सकती है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर अफवाह न फैलाएं। साथ ही ऐसी भाषा या टिप्पणी का प्रयोग न करें, जिससे किसी की भावनाएं आहत हों।

### पति पर दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज

**ब्यावरा।** नगर के शिवाजी नगर निवासी फरियादिया दीक्षा पति दीपक नाथ ने अपने पति पर दहेज के रूप में रुपए मांगे और रुपए न लाकर देने पर मारपीट करने को लेकर सिटी थाना ब्यावरा में दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट दर्ज बताया है कि इंदौर के गौतम नगर निवासी पति दीपक पिता घनश्याम योगी आए दिन अपने मायके से रुपए मंगाने का दबाव बनाता है। रुपए नहीं लाने पर आएदिन मारपीट करता है। इसी प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने अपने मायके आकर परिजनों के साथ थाने पहुंचकर पति के खिलाफ दहेज प्रताड़तना का केस दर्ज कराया है।

### घर में काम को लेकर बहू से की मारपीट

**ब्यावरा।** नगर के खटिक मोहल्ला की फरियादिया काजल पति कपिल शाक्यवार ने अपने पति के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कराया है। काजल ने रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि पति कपिल पिता होकम शाक्यवार और सास हीराबाई पति होकम शाक्यवार द्वारा घर में काम नहीं करने का आरोप लगाते हुए मारपीट की गई। पुलिस ने आरोपी पति और सास पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### चंद्रग्रहण | मुस्लिमजनों ने मस्जिदों में पड़ी विशेष नमाज, गुनाहों से की तौबा

# शुद्धि के बाद किया महादेव का दुग्धाभिषेक

**जागरण, सारंगपुर**



भाद्रपद पूर्णिमा की रात्रि आकाश में घटित चंद्रग्रहण के उपरांत नगर के पावन नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में विशेष दुग्धधारा अभिषेक संपन्ना हुआ। पं.पवन पारीक ने बताया कि वैदिक परंपरा के अनुसार ग्रहण के समय मंदिरों के कपाट बंद रखे जाते हैं और ग्रहण निवृत्ति के पश्चात देवालयों की शुद्धि कर देवमूर्ति को विशेष स्नान कराया जाता है।

इसी परंपरा का निर्वाह करते हुए भक्तगण प्रातरूकाल एकत्र हुए और सामूहिक रूप से शिवालय का शुद्धिकरण कर दुग्धधारा से अमृत अभिषेक संपन्ना किया। स्वर्णाभ मण्डप में प्रतिष्ठित शिवलिंग पर गंगा जल, पंचामृत, सुगंधित द्रव्य और शीतल दुग्ध की धारा अर्पित की गई। शिवलिंग पर दुग्ध की निरंतर धाराएं प्रवाहित होते ही वातावरण नमः शिवाय के मंत्रोच्चार से गूँज उठा। श्रद्धालुओं ने पुष्प, अक्षत और बिल्वपत्र अर्पित कर भगवान नीलकंठेश्वर से मंगलकामना की। नंदी महाराज साक्षी बनकर सम्मुख विराजमान थे और नागछत्र से अलंकृत शिवलिंग अपनी अद्भुत शोभा बिखेर रहा था। मंदिर की दीवारों पर गूँजते मंत्र और भक्तों की सामूहिक आराधना ने संपूर्ण वातावरण को दिव्य और अलौकिक बना दिया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने बताया कि ग्रहण के उपरांत शुद्धिकरण और अभिषेक करना प्राचीन परंपरा है। दुग्धधारा से भगवान नीलकंठेश्वर का अभिषेक करने से न केवल देवालय की शुद्धि होती है, बल्कि साधकों के मन और जीवन से भी नकारात्मकता दूर होती है। यह दिव्य अनुष्ठान भक्तों के लिए अध्यात्म, श्रद्धा और भक्ति का अनुपम संगम सिद्ध हुआ।

**मुस्लिमजनों ने मस्जिदों में पड़ी विशेष नमाज, गुनाहों से की तोबा :** हिंदू धर्म में तो चंद्र ग्रहण से जुडे कई नियम और परंपराएं मौजूद हैं, लेकिन दिलचस्प बात यह है कि इसका जिक्र इस्लाम में भी मिलता है। इस्लाम धर्म ग्रहण को एक अलग नजरिए से देखता है और इसे अल्लाह की निशानी मानता है। इस्लामिक स्कॉलर आलिम मोहम्मद साबिर नदवी ने बताते हैं कि इस्लाम में चंद्रग्रहण को श्चांद ग्रहण कहा जाता है। इसका संबंध किसी शगुन-अपशगुन या इंसानी घटनाओं से नहीं है। बल्कि यह अल्लाह की एक निशानी है और इस दौरान मुसलमानों को खास तौर पर दुआ और नमाज पढने की हिदायत दी गई है। नदवी बताते हैं कि मस्जिद में ग्रहण की नमाज अदा करने के बाद पैगंबर मुहम्मद ने अपने खुतबे में कहा था कि सूरज और चांद दोनों अल्लाह की निशानियां हैं और इनका ग्रहण न तो किसी की मौत से होता है और न ही किसी की पैदाइश से, यानी इस्लाम साफ तौर पर सिखाता है कि ग्रहण को अंधविश्वास या इंसानी घटनाओं से जोड़ना गलत है। साथ ही उन्होंने इस दिन ग्रहण के दौरान अल्लाह की ओर रुख करने और नमाज पढने की हिदायत दी। मौलाना के मुताबिक, सूरज ग्रहण के समय पढी जाने वाली नमाज को सलात-अल-कुसूफ कहा जाता है। चंद्र ग्रहण के समय पढी जाने वाली नमाज को सलात-अल-खुसूफ कहा जाता है। ये नमाज आम नमाज से अलग होती है। मौलाना साबिर के मुताबिक, ग्रहण का समय सिर्फ नमाज पढ़ने तक सीमित नहीं है। इस दौरान मुसलमानों को गुनाहों से तौबा करनी चाहिए, अल्लाह से रहमत की दुआ करनी चाहिए। साथ ही सदका-खैरात यानी गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। इसके अलावा अल्लाह की तसबीह और जिक्र ज्यादा से ज्यादा करना चाहिए।

## अग्रवाल अकादमी में उत्साह से मना शिक्षक दिवस

**जागरण, सुठालिया**



स्थानीय अग्रवाल एकेडमी में शिक्षक दिवस उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राचार्य कन्या हा से ब्यावरा नाथूसिंह सिकरवार, संचालक एवं शिक्षकों के भावपूर्ण प्रवेश से हुआ। तत्पश्चात् अतिथियों व संचालकगण द्वारा सरस्वती पूजन किया गया। जिसमें शिक्षिका नंदिता तिवारी और छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। विद्यालय के शिक्षक प्रकाश सिंह ने अतिथि परिचय कराया तथा संचालक आकाश अग्रवाल ने स्वागत भाषण दिया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत, मनमोहक नृत्य और नाट्य की प्रस्तुति दी गई।

मुख्य अतिथि श्री सिकरवार ने अपने उद्बोधन में शिक्षकों के शिक्षण कार्य, परिश्रम और समाज निर्माण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उपाध्यक्ष दीपक गोयल ने शिक्षक दिवस का महत्व बताते हुए प्रेरणादायी विचार रखे।

वहीं प्राचार्य राजेंद्र सिंह परिहार ने भी शिक्षकों के योगदान को रेखांकित किया। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों को उपहार भेंटकर सम्मानित किया। छात्रा वेदांशी अग्रवाल ने शिक्षकों के लिए मनोरंजक खेलों का आयोजन किया। मंच का संचालन विद्यालय की छात्रा प्रियंका वर्मा तथा मदनी शाह द्वारा किया गया अंत में छात्रा प्राची सरकार ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के कोषाध्यक्ष महेश गोयल, सचिव मानिल गोयल, संचालक प्रणव गोयल, प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राओं का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

## बच्चों को संस्कारवान बनाने शिक्षकों को आना होगा आगे

**पचोर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में भारत के नवनिर्माण में शिक्षकों के योगदान अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 80 से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाएं और करीब 12 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने भाग लिया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मंजू गुप्ता, प्रोफेसर आर.के. गुप्ता, शाहिदा हाशमी, शंकर लाल भारती, मनोहर बैरागी, ज्ञान सिंह राजपूत, गोपाल सेन, कृष्ण स्वरूप सक्सेना, संतोष राणा, कंवर लाल जांगड़े, कपिल व्यास, राजगढ़ जिला संस्था प्रभारी ब्रह्माकुमारी मधु दीदी मंचासीन हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से किया गया। करीब 80 से अधिक शिक्षकों को अभिनंदन पत्र तिलक एवं पट्टे से देकर सम्मान किया गया। बीके मधु दीदी ने मूल्यनिष्ठ शिक्षा, नैतिक शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए हम सभी को परम शिक्षक परमात्मा से मन के तार जोड़ने की आवश्यकता है। आज के जीवन में आत्मिक शांति के लिए हमें ध्यान की ओर बढ़ना चाहिए। भारत का प्राचीन राजयोग प्रसिद्ध है, जो गीता में वर्णित है, इस योग से हम अपनी कर्मेंद्रियों को अपने हिसाब से चला सकते हैं मन को सही दिशा देकर आत्मिक शांति का अनुभव कर सकते हैं आज इस योग की बहुत आवश्यकता है इससे हमारे अंदर नैतिक मूल्य आएंगे, जिससे हम मूल्यनिष्ठ समाज की स्थापना कर सकेंगे। शिक्षक बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ गुणवान बनाने का भी प्रयास करें। बच्चों ने शिक्षकों के लिए सुंदर नृत्य प्रस्तुत किये तो वही भगवान दास सोनी और बी.एल. रूहेला ने कविता के माध्यम से शिक्षकों को संदेश दिया। वैशाली दीदी ने राजयोग ध्यान करवारकर स्वयं के अंदर की शक्तियों को जगाया सभी को शांति का अनुभव कराया। आभार हरिसिंह मेवाड़ा ने किया।

## कथा श्रवण से उदय होते हैं पूर्व जन्म के पुण्य

**जागरण, ब्यावरा**



शहर में सोमवार को तुलसी नगर में शिव मंदिर से कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ हुआ। इस दौरान बैंड ढोल के साथ भागवत महापुराण की शोभायात्रा निकाली गई, जो कथा स्थल पर पहुंची एवं विधि विधान के साथ भागवत महापुराण की स्थापना की गई। इस दौरान व्यास पीठ से भागवत कथा प्रवक्ता आचार्य संतोष तिवारी ने कहा की जो भाग्य बदल दे उसे भागवत कथा कहते हैं और मनुष्य के चरित्र में परिवर्तन ला दे उसे राम कथा कहते हैं। भागवत कथा श्रवण से पूर्व जन्म के पुण्य उदय होते हैं व कथा सुनने का अवसर भी मिलता है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा के चरण में मंगला व्यास जी लिखते है सत्यम परम धीमहि अर्थात सत्य स्वरूप परमात्मा का ध्यान हम करते ही ऐसा व्यास जी ने भागवत में लिखा है। आचार्य श्री ने कथा के दौरान महात्मा कथा पर प्रकाश डाला। वहीं ज्ञान भक्ति वैराग्य गोकर्ण उपाख्यान धुंधकारी का वृतांत भी सुनाया। कथा आगामी प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक 14 सितंबर तक चलेगी। आयोजकर्ता गौर परिवार ने नगर व आसपास के धर्मप्रेमी, सज्जनों, महिला-पुरुषो से कथा श्रवण कर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

## जलवायु परिवर्तन विषय पर निकाली रैली

**जागरण, ब्यावरा**



सोमवार को सिविल अस्पताल ब्यावरा के सहयोग से निर्विन्ध्या नर्सिंग महाविद्यालय में पढ़ने वाले जीएनएम के छात्र-छात्राओं द्वारा जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण के खतरों से जागरूक करने के उद्देश्य में ब्यावरा शहर में जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही सिविल अस्पताल ब्यावरा में रंगोली बनाकर पोस्टर बनाकर लोगों को भाषण एवं विभिन्न प्रतियोगिता के माध्यम से जागरूक करने का प्रयास किया। महाविद्यालय के नर्सिंग प्रिंसिपल प्रेम सिंह वर्मा द्वारा लोगों को विश्व में तेजी से हो रहे जलवायु परिवर्तन और उससे होने वाले नुकसान के बारे में समझाया एवं वातावरण शुद्ध करने के लिए अपनाए जाने वाले उपाय से रूबरू करवाया। सभी कार्यक्रम सिविल अस्पताल ब्यावरा के नेतृत्व में आयोजित किए गए। जिसमें मुख्य रूप से सिविल अस्पताल ब्यावरा के प्रमुख चिकित्सक डॉ. आर.के. गुप्ता, डॉ. श्री साहू, डॉ. सोरेन दत्ता के साथ नर्सिंग स्टाफ में मनीषा मेडम एवं अनवर सर के साथ निर्विन्ध्या कॉलेज की शिक्षिका कृतिका एवं खुशबू भी मौजूद रही।

## नप ने शिक्षक दिवस पर सेवानिवृत्त शिक्षकों को किया सम्मानित

**जागरण, जीरापुर**




भारत के पूर्व राष्ट्रपति प्रख्यात शिक्षाविद् भारतरत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर नगर परिषद जीरापुर द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित कर नगर के सेवानिवृत्त शिक्षकों को पुष्पहार पहनाकर शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम विधायक हजारीलाल दांगी के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दिनेश पुरोहित, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, पेंशनर संघ अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद, महिला पेंशनर संघ अध्यक्ष श्रीमती ज्योत्स्ना दांगी, वरिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षक भैरवलाल गुप्ता, रामचंद्र वर्मा, ईश्वर सिंह तोमर आदि जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में मंचासीन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं डॉ. राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। तत्पश्चात सीएमओ हरिओम शर्मा, देवनारायण दांगी द्वारा विधायक श्री दांगी सहित अन्य मंचासीन अतिथि, परिषद सदस्यों का पुष्पहार से स्वागत किया। तदुपरांत नप अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, परिषद सदस्य, नपा कर्मचारीयों द्वारा सेवानिवृत्त गुरुजनों व पत्रकारगण को तिलक लगाकर पुष्पमाला पहनाकर शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस दौरान विधायक श्री दांगी ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सफलता किसी की भी हो उसकी नींव में शिक्षक का अहम योगदान है। बिना शिक्षक कोई व्यक्ति महान नहीं बन पाया। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन शिक्षकों ने मुझे पढ़ाया वो भी यहां कार्यक्रम में मौजूद हैं ऐसे में शिक्षक दिवस पर मैं सभी गुरूजनों को सादर नमन करता हूं। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दिनेश पुरोहित ने कहा कि अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले गुरूजनों ने अपना पूरा जीवन दूसरों को तराशने में समर्पित कर दिया, ऐसे में शिक्षक दिवस पर उनका स्वागत व सम्मान हम दिल से व मन से करने की बात कही और शिक्षक सम्मान समारोह की परंपरा को नपा द्वारा कायम रखने के लिए नपा की सराहना की गई। वही कार्यक्रम को ईश्वर सिंह तोमर, पेंशनर संघ अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद, प्रोफेसर डॉ. राधावल्लभ गुप्ता, प्रो. रामबाबू गुप्ता आदि ने संबोधित करते हुए शिक्षकों को भारत के भविष्य का निर्माता बताते हुए गुरु के महत्व को दर्शाया और बताया कि हमें सदैव गुरु के प्रति आदर भाव और श्रद्धा रखनी चाहिए।

इस अवसर पर विष्णु सिंह पंवार, गजराज सिंह सोनगरा, लखन तौमर, पार्षद प्रतिनिधि गिरिराज जुलानिया, कुशल कुशवाह, शिव मंडलोई, मुकेश पुष्पद, पार्षद शंभूलाल वर्मा, संजय भावसार, सुनील हिडोनिया, श्याम ट्रेलर नपा कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कमल भावसार द्वारा किया गया। अंत में नप अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया जाएगा प्रधानमंत्री का जन्मदिवस, ब्यावरा में आयोजित हुई भाजपा जिला कार्यशाला

# केवल कार्यक्रम नहीं जनसेवा का जनांदोलन है सेवा पखवाड़ा : राज्यमंत्री

**जागरण, ब्यावरा**



भारतीय जनता पार्टी जिला स्तरीय कार्यशाला वल्लभा गार्डन ब्यावरा में आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार रहे। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, अतिथि जिले के प्रभारी सुरेंद्र शर्मा विधायक मोहन शर्मा, पूर्व विधायक बद्रीलाल यादव, प्रताप मंडलोई, पूर्व जिलाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, दीपक शर्मा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य दिलबर यादव, मोना सुस्तानी, नपाध्यक्ष लीला बाई कुशवाह मौजूद रहे। अतिथियों ने सेवा पखवाड़ा पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला की दीप जलाकर शुरूआत की।

बैठक में मंत्री पंवार ने कहा कि भाजपा की विचारधारा राष्ट्रहित, सांस्कृतिक गौरव और जनसेवा पर आधारित है। यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हमारे कार्यकर्ता तपोनिष्ठ एवं राष्ट्र सेवा के संकल्प से बने हैं। सेवा पखवाड़ा हमारे लिए केवल कार्यक्रम नहीं है, बल्कि जनसेवा का जनांदोलन है। पार्टी के कार्यक्रमों का लक्ष्य कार्यकर्ताओं का निर्माण है। इसलिए हमें आने वाले कार्यक्रमों से नए कार्यकर्ताओं को जोड़ना है। कार्यक्रम को भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर ने भी संबोधित किया।

**हमें जनता में भरोसे का सेतु बनाना है : सुरेंद्र शर्मा :** जिला प्रभारी सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि यह पखवाड़ा उस नेतृत्व को समर्पित है, जिसने भारत को वैश्विक मंच पर सम्मान दिलाया है। प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों और नेतृत्व ने भारत को एक नई दिशा दी है। पार्टी देश और प्रदेश में सेवा, समर्पण और सुशासन के माध्यम से जनता का विश्वास जीत रही है। हमें अपने-अपने जिलों, मंडलों और बूथ स्तर पर जनता के बीच जाकर यह संदेश पहुचाना है कि यह पखवाड़ा केवल पार्टी ही नहीं, बल्कि जनसेवा का जनांदोलन है।

जिला महामंत्री देवीसिंह सोंधिया ने कहा कि 11 से 13 सितंबर तक मंडल स्तर में कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। 17 से 24 सितंबर तक स्वास्थ्य शिविर, 18 सितंबर से 2 अक्टूबर तक रक्तदान शिविर व प्रदर्शनी, 19 -20 को प्रबुद्धजन सम्मेलन। 25 सितंबर को पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर पौधरोपण होगा। 27 और 28 सितंबर को दिव्यांग और विशिष्टजनों का सम्मान, 2 अक्टूबर को गांधी जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर जी की जयंती मनेगी। कार्यक्रम में जिलेभर के भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मंत्रीजी ने अपने हाथों से परोसा भोजन



सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के समापन के बाद मौजूद पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं का सामुहिक भोजन हुआ। इस दौरान मंत्री नारायण सिंह पंवार ने अपने हाथों से परोसदारी की।

# 40 घंटे बाद मिला एसआई का शव, महिला आरक्षक की तलाश जारी

## हादसे में मृत उन्हेल टीआई शर्मा का गॉड ऑफ ऑनर देकर किया अंतिम संस्कार, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी





**जागरण उज्जैन।** बड़े पुल से उफनती शिप्रा नदी में पुलिसकर्मियों की कार शनिवार की रात गिर गई थी। इस घटना में उन्हेल थाना प्रभारी अशोक शर्मा का शव रविवार को सुबह 9:00 के लगभग नदी में मिल गया था। जबकि सोमवार दोपहर तक 40 घंटे बीतने के बाद एएसआई मदनलाल निमामा की लाश भैरवगढ़ पुल के नीचे फंसी मिली, लेकिन इस समय तक एनडीआरएफ की टीम कार और उसके सवार एक अन्य महिला पुलिसकर्मी के शव को ढूंढ नहीं पाई। सर्चिंग के लिए चार नाव तथा 65 गोताखोर लगाए गए थे।

शिप्रा नदी के बड़े पुल पर शनिवार देर शाम हुई घटना में उन्हेल थाना टीआई की डूबने से मौत हो गई थी, और उनका शव मिल गया था। तभी से कर में सवार दो अन्य पुलिसकर्मियों में एसआई मदनलाल निमामा और एक महिला आरक्षक आरती पाल की तलाश में 4 नाव और 65 गोताखोर लगातार दोनों पुलिसकर्मियों को ढूंढने के काम में लगे हुए थे। अनंत चतुर्दशी की रात 9 बजे के आसपास पुलिसकर्मियों की कार शिप्रा नदी के बड़नगर रोड वाले बड़े पुल से गिर गई थी। इस दौरान नदी में पानी का बहाव बहुत तेज था और शिप्रा का जलस्तर भी बड़ा हुआ था, इसके चलते कार तेजी से बह गई और इधर पुलिस प्रशासन ड्यूटी पर लगा हुआ था, इसलिए तत्काल मदद नहीं मिल पाई। घटना की खबर लगते ही पुलिस टीम और एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुँच गई थी लेकिन रात में कुछ पता नहीं चल पाया और कल सुबह से नदी में डूबे टीआई, दोनों पुलिसकर्मियों और कार की खोजबीन शुरू की गई। रविवार सुबह 9 बजे भैरवगढ़ पुल के नीचे से उन्हेल टीआई अशोक शर्मा का शव मिल गया था। शव को अस्पताल लाया गया और बाद में परिवार के सुपुर्द कर दिया गया।

कल ही स्व. टीआई अशोक शर्मा का पुलिस ने गॉड ऑफ़ आर्नर देकर सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में पुलिस महानिरीक्षक उमेश जोगा, डीआईजी नवनीत भसीन, एसपी प्रदीप शर्मा एवं पुलिस के अन्य अधिकारी तथा विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, नगर निगम सभापति कलावती यादव ने श्रद्धांजलि दी। इधर सोमवार को दूसरे दिन भी सुबह कार और दोनों पुलिसकर्मियों की खोजबीन शुरू कर दी गई थी जो देर शाम तक चलती रही। इस बीच दोपहर के समय सर्चिंग दल को भैरवगढ़ पुल के नीचे एएसआई मदनलाल निमामा का शव मिल गया। जानकारी लगने पर वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। इस घटना के बाद से लगातार 4 नाव तथा 65 गोताखोरों का दल चक्र तीर्थ घाट से लेकर भैरवगढ़ होते हुए मंगलनाथ घाट के आसपास तलाशी में सुबह से शाम तक लगा रहा लेकिन महिला आरक्षक आरती पाल का देर शाम तक कोई पता नहीं चल पाया। सोमवार सुबह तक नदी का जलस्तर धीरे-धीरे उतर रहा था और इसके बाद गाड़ी और दोनों शव जल्दी मिलने संभावना जताई जा रही थी। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक टीआई उन्हेल श्री शर्मा ने गाड़ी गिरते ही कांच फोड़ कर बाहर निकालने की कोशिश की होगी, क्योंकि उनके हाथ में चोट के निशान मिले थे। इसलिए कार से

निकलकर उनका शव दूर चला गया था। इधर सोमवार को एएसआई का शव मिलने के बाद लापता महिला आरक्षक आरती और कार की खोजबीन सतत रूप से चल रही है। हालांकि दोपहर बाद अंगारेश्वर महादेव मंदिर के आगे शिप्रा नदी में मछली पकड़ रहे एक मछुआरे के जाल में पुलिस कर्मियों की दुर्घटनाग्रस्त कार का अगला हिस्सा बंफर मिल गया था। समाचार लिखे जाने तक रेस्क्यू ऑपरेशन जारी था।

## न्यूज कार्नर

### जिम्मेदार लोग ध्यान दें, ताकि दुर्घटना से हो सके बचाव



**जागरण महिदपुर।** पीडब्ल्यूडी विभाग और प्रशासन हमेशा करता है हादसे का इंतजार ग्राम महू की पुलिया पर आज एक ट्रक फंस गया उसके कारण बड़े वाहनों के लिए आवाजाही बंद हो गई। पुलिया निर्माण के बाद दो वर्ष बीत जाने के बावजूद बारिश में ऐसी ही स्थिति बनी हुई है यहां पर पुलिया बनने के बाद अप्रोच सी.सी. या डामर से जोड़ने की जगह उसमें मिट्टी भर दी जिसके कारण बारिश में आए दिन हादसे होते हैं और बाइक यात्री दुर्घटनाग्रस्त होते हैं। इसी क्रम में आज सुबह एक ट्रक उसे कीचड़ में फंस कर बंद हो गया जिससे महू नारायणा मुख्य मार्ग बड़े वाहनों के लिए बंद हो गया। उज्जैन जाने वाली यात्री बसें तथा अन्य बड़े वाहन पुराने गांव महू में बने नवीन रोड़ से श्री राम बालाजी धाम मंदिर होते हुए घूमकर निकल रहे हैं। ऐसी ही स्थिति बालौदा के नाले में भी बनी हुई है। दोनों पुलियाओं का निर्माण साथ में ही हुआ था। कई बार शासन प्रशासन को सूचना देने के बाद भी स्थिति में कोई सुधार नहीं है। शायद किसी बड़े हादसे का इंतजार किया जा रहा है।

### अनंत चतुर्दशी पर भव्य चल समारोह निकला



**जागरण महिदपुर।** अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर नगर में देर रात्रि विशाल चल समारोह निकाला गया। शोभायात्रा में विभिन्न आकर्षक झांकियों के साथ अखाड़ों ने भी दमदार प्रदर्शन कर नगरवासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर अखंड हिंदू सेना, महिदपुर के तत्वावधान में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज प्रजापत ने जानकारी दी कि यह भंडारा लगातार पिछले 9 वर्षों से परम पूज्य महामंडलेश्वर आचार्य शेखर जी महाराज के सानिध्य में सतत चल रहा है। भंडारे में प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। आयोजन के अंतर्गत विशाल मंच का निर्माण किया गया, जिस पर आमंत्रित गायक कलाकारों ने भावपूर्ण धार्मिक भजनों की प्रस्तुति दी। साथ ही दर्शकों के लिए प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें सही उत्तर देने वालों को पुरस्कृत किए गए। कार्यक्रम में मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों का परंपरागत साफा बांधकर व तस्वीर भेंट कर सम्मान किया गया। आयोजन को सफल बनाने में अखंड हिंदू सेना के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ नगर के दानदाताओं का भी विशेष सहयोग रहा।

### अली मैमून ट्रैकिंग में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित

**जागरण उज्जैन।** बोहरा समाज के युवक अली मैमून पुत्र मुर्तज़ा अली बड़वाहवाला ने लद्दाख में आयोजित एक कार्यक्रम में 16,077 फीट की ऊंचाई पर बिना ऑक्सीजन सिलेंडर की मदद से पहुंचकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह कार्यक्रम पांच दिनों तक चला, जिसमें देश भर के बच्चे और युवा शामिल हुए। अली मैमून की इस उपलब्धि से उज्जैन का नाम रोशन हुआ है।

### जीवन में वृद्धजनों का आदर करें : महाराज

**जागरण उज्जैन।** जीवन में हमेशा वृध्द लोगों का आदर करना चाहिये, आजकल वृध्द घर में बैठे रहते हैं, हम उनसे बात ही नहीं करते, जो अनुभव उनके पास है, वो आपके हमारे पास नहीं है। कोई भी काम करो तो माता पिता, वृध्दजनों की आज्ञा मांग ही लेना चाहिये, उनकी बात का अनादर नहीं करना चाहिये। दुर्योधन ने वृध्दों की नहीं सुनी, महाभारत हो गई। जवानी का जोश तो काम आ जाएगा पर जोश में होश नहीं होगा तो वह जोश व्यर्थ चला जाएगा, जोश में होश में रखने का काम बड़े बुजुर्ग करते हैं। यह बात श्रीमद्भागवत के तृतीय दिवस की कथा में श्री धाम वृंदावन से पधारे धन्वंतरी दास महाराज ने श्रीमद् भागवत में कही। महाराजश्री ने कहा जीवन में आगे बड़ना है तो अच्छो के संग रहे, आपका संग बताता है आपका भविष्य कैसा होगा। माता पिता ध्यान रखें अपनी बेटियों की मित्रता किसके साथ है, बेटे का दोस्त कैसा है। क्योंकि संग को जीतना चाहिये, जितना सत्संग का प्रभाव है, इससे कहीं ज्यादा कुसंग का प्रभाव है, जीवन में सत्संग भले न मिले, पर कुसंग से बचे रहो। श्रीमद्भगवत कथा के आयोजक हर्ष जायसवाल ने बताया कि जायसवाल परिवार द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन महाराजश्री ने भागवत निरुपण, चतुश्लोकी, भागव विदुर मैत्रय संवाद, कपिलोपाख्यान, सतीष चरित्र एवं ध्रुव चरित्र की कथा सुनाई।

# राष्ट्र के निर्माण में श्रेष्ठ शिल्पी की भूमिका का निर्वहन करते हैं शिक्षक : कुलकर्णी



**जागरण नागदा।** हमारे देश की संस्कृति में शिक्षक और ईश्वर सदैव स्तुति तुल्य है और सदैव रहेंगे । राष्ट्र निर्माण में शिक्षक एक श्रेष्ठ शिल्पी की भूमिका का निर्वहन करते है ।

यह बात शनिवार को स्थानीय बिड़ला हाउस सभा गृह में ग्रेसिम उद्योग समूह के तीनों विद्यालयों के शिक्षकों के सम्मान में शिक्षक दिवस पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित इकाई प्रमुख और अध्यक्ष शांतनु कुलकर्णी ने कही।

उक्त जानकारी देते हुए संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी कमल सेठी ने बताया कि कार्यक्रम शुभारंभ से पूर्व, इकाई प्रमुख शांतनु कुलकर्णी के साथ श्रीमती पल्लवी कुलकर्णी, मानव संसाधन प्रबंधन प्रमुख सुधीर कुमार सिंह, श्रीमती सुमन सिंह प्रोडक्शन हेड शैलेन्द्र देशलहरा, शिक्षाविद् प्राचार्य सुनील कुमार, पंकज सोमानी, उप प्राचार्या श्रीमती ऐश्वर्या सिन्हा ने दीप प्रज्ज्वलित किया। संस्थान के तीनों स्कूलों के नौनिहालों ने शिक्षकों के सम्मान में गीत और नृत्य के साथ रंगारंग प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में अपनी सेवाकाल के 25 वर्ष पूर्ण कर चुके आदित्य बिड़ला सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मोहन लाल फरक्या, श्रीमती प्रीतिबाला त्रिवेदी, रवींद्र कुमार राय, आदित्य बिरला हायर सेकेंडरी स्कूल के ललित नारायण शर्मा और आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल के माइकल टी ए को अतिथियों ने सम्मान स्वरूप शाल और रजत जड़ित स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

इसके अलावा संस्था में सुरक्षा और स्वास्थ्य पर केंद्रित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जुड़े प्रशिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

इस मौके पर आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सुनील कुमार और आदित्य बिरला हायर सेकेंडरी स्कूल प्राचार्य पंकज सोमानी ने अपने सारगर्भित और संगीत मय अंदाज में शिक्षकों को अपनी शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त करते हुए मानव संसाधन प्रमुख सुधीर सिंह ने भी शिक्षा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा ही हमें अंधकार से उजाले की ओर ले जाकर हमारी प्रगति का मार्ग प्रशस्त करती है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए एच आर टीम के भाविक नागर और सुश्री श्रुति शुक्ला ने रोचक प्रश्नोत्तरी के साथ कार्यक्रम को प्रभावी बनाया।

मानव संसाधन महाप्रबंधक अंकुर पारीक के मार्गदर्शन में कार्यक्रम को सफल बनाने में टीम एच आर की एकता शर्मा,नबा सारंग, सिमाली सांवरिया,दीपाली, खुशी, देवांश के साथ टीम एडमिन की भूमिका सराहनीय रही।

# किसान न्याय यात्रा एवं वोटर अधिकार यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित



**जागरण, महिदपुर।** आगामी 12 सितम्बर को उज्जैन में होने वाली प्रदेश स्तरीय किसान न्याय यात्रा एवं वोटर अधिकार यात्रा की तैयारियों को लेकर आज महिदपुर स्थित राजपूत बोर्डिंग, बीनपुरा रोड़ पर विधानसभा स्तरीय बैठक संपन्न हुई।

नवनियुक्त उज्जैन जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक महेश परमार जी के मुख्य आतिथ्य व क्षेत्रीय विधायक दिनेश जैन बोस की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। विशेष अतिथि के रूप में नवनियुक्त पर्यवेक्षक गण पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कमल पटेल, भरत पोरवाल, मोहनसिंह पंवार 'पलदूना', रितुराज सिंह चौहान, मुकेश गुर्जर, अशोक जाट, रियाज खान, सुरेन्द्र सिंह गुर्जर, महिला कांग्रेस की निशा त्रिपाठी उपस्थित थी। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी अतिथियों का विधायक दिनेश जैन बोस ब्लॉक कांग्रेस महिदपुर अध्यक्ष गजराज सिंह पंवार, झारड़ा ब्लॉक अध्यक्ष कमलसिंह चौहान, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सगीर बेग ने साफा पहनाकर पुष्प मालाओं से स्वागत किया। बैठक में आगामी आंदोलन की रणनीति, जिम्मेदारियों सहित इसे सफल बनाने के रोड मैप पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश परमार व महिदपुर विधायक ने विस्तार से प्रकाश डाला तथा सभी कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में आंदोलन में उज्जैन पहुंचने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अरुण बुरड़ ने किया।

पूर्व में वरिष्ठ कांग्रेस नेता रणछोड़ त्रिवेदी, जिला पंचायत प्रतिनिधि जीतू मंडोरा, कमलसिंह चौहान, सगीर बेग, अनिल आंचलिया, हीरालाल आंजना, कैलाश बगाना, नागूलाल मालवीय, शिवनारायण शर्मा, मदनसिंह राजपूत,महेन्द्रसिंह चौहान, जनपद प्रतिनिधि हाकमसिंह लोहार, हेमंत जोशी, अनन्त शर्मा, जुगल पांचाल आदि ने भी संबोधित किया।

बैठक में झारड़ा, जगोटी, महिदपुर रोड़ सहित विभिन्न ग्रामों से वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, पार्षदगण,कांग्रेस परिवार के विभिन्न प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# शासकीय महाविद्यालय में मनाया गया विश्व साक्षरता दिवस



**जागरण नागदा।** शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में विश्व साक्षरता दिवस मनाया गया एवं साथ ही रक्तदान के महत्व पर परिचर्चा कर महत्व को बताया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर पी बी रेड्डी सर ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि साक्षरता दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को साक्षरता के महत्व के बारे में जागरूक करना करना है । साक्षरता एक मौलिक मानव अधिकार है जो व्यक्ति को ज्ञान कौशल और आत्मविश्वास प्रदान करता है। यह समाज में बराबरी का दर्जा एवं बेहतर जीवन जीने का अवसर देती है। साक्षरता एक न्याय पूर्ण, शांतिपूर्ण और टिकाऊ समाज की नीव है साथ ही उन्होंने रक्तदान के महत्व को भी बताएं।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ उषा वर्मा ने बताया कि विश्व साक्षरता दिवस की 2025 की थीम 'डिजिटल युग में साक्षरता को बढ़ावा देना'। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि रक्तदान करना समाज सेवा है जिससे आप दूसरों की जिंदगी बचाने में मदद कर सकते हैं। रक्तदान करें एवं इसके लिए दूसरों को प्रेरित करें । इस अवसर पर वरिष्ठ ग्रंथपाल वासुदेव जटावन डॉक्टर सुनील प्रसाद डॉ ओपी परमार डॉ सोनाक्षी सोलंकी डॉक्टर सविता मरमट प्रोफेसर अंजू ठाकुर डॉ आसाराम चौहान डॉ प्रीति कनौजिया एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का आभार डॉक्टर शिव शंकर पटेल ने माना।

# प्रधानमंत्री मोदी के 75वें जन्मदिन पर 17 सितंबर से भाजपा देशभर में आरंभ करेगी सेवा पखवाड़ा



**जागरण उज्जैन।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी पुरे देश में ''सेवा पखवाड़ा'' का आयोजन कर रही है, यह पखवाड़ा 17 सितंबर से शुरू होकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 02 अक्टूबर तक चलेगा। इसी तारतम्य में उज्जैन जिले में विभिन्न प्रकार के सेवा ओर सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें। विभिन्न कार्यक्रमों के लिये संयोजक के रूप में जिला उपाध्यक्ष पदमसिंह पटेल एवं सह-संयोजक अश्विन दिंडोरकर, रामसिंह बड़ाल, विनायक कोठारी, विपुल धारीवाल को नियुक्त किया है।

भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ ने संबोधित करते हुए बताया कि सेवा पखवाड़ा के दौरान प्रत्येक बूथ एवं मंडलस्तर पर अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित होगें। इस पहल से ना केवल प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन को ऐतिहासिक बनाया जायेगा, बल्कि समाज में सेवा भाव को भी बढ़ावा मिलेगा। यह आयोजन युवाओं को भी सामाजिक कार्य से जुड़ने के लिये प्रेरित करेगा। उन्होनें कहा कि हमें केवल विदेशी सामानों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए, बल्कि देष में बने उत्पादों को प्राथमिकता देनी चाहिए। ''लोकल फॉर वोकल'' अभियान प्रधानमंत्री जी का एक दुरदर्शी विचार है, जो देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा, ओर स्थानीय कारीगरों ओर छोटे व्यवसायियों को प्रोत्साहित करेगा।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी विनोद शर्मा ने आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में बताया कि सेवा पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री मोदी के सेवाभाव के प्रति उनके समर्पण को लोगों तक पहुंचाना है। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता एवं आम जनता मिलकर समाज के कमजोर ओर वंचित वर्ग के लिये काम करेगें।

देशभर में सेवा पखवाड़ा की गतिविधियां -

सेवा पखवाड़ा अंतर्गत प्रमुख रूप से स्वच्छता अभियान, एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, प्रधानमंत्री जी के जीवन पर डाक्युमेन्ट्री फिल्म प्रदर्शन, प्रबुद्ध वर्ग संवाद, दिव्यांग और राज्य के अन्य विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान, वोकल फॉर लोकल का प्रचार, प्रधानमंत्री पर चयनित पुस्तकों का वितरण, सांसद खेलकुद प्रतियोगिता, विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता, मोदी विकास मेराथन, मोदीजी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी, पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती 25 सितंबर एवं गांधी जयंती 2 अक्टूबर के उपलक्ष्य में कार्यक्रम होगें। कार्यकर्ता सभी कार्यक्रमों की रिपोर्टिंग संगठन एप पर करेगें। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष बहादुरसिंह चौहान, प्रदेश प्रवक्ता राजपालसिंह सिसौदिया, द्वय विधायक डॉ. तेजबहादुरसिंह चौहान, सतीश मालवीय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्याम बंसल, शिवनारायण बोड़ाना, पूर्व विधायक ताराचंद गोयल तराना जिला महामंत्री नाहरसिंह पंवार, धर्मेश जायसवाल उपस्थित थे।

# श्री रास मंडल के बच्चों ने झांकी में किया प्रदर्शन

**जागरण उज्जैन।** इंदौर में अनंत चतुर्दशी के अवसर पर चल समारोह निकाला जाता है। जिसमें शहर की विभिन्न मिलो और संस्थाओं द्वारा तैयार की गई झांकियां शामिल होती हैं। इस साल के चल समारोह में 6 मिलों की 16 झांकियां और 4 संस्थाओं की 12 अन्य झांकियां शामिल हुईं। अध्यक्ष मुकेश सूर्यवंशी (खलीफा) एवं सचिव संदीप सूर्यवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि धार्मिक नगरी उज्जैन से इंदौर के मालवा मिल गणेशोत्सव समिति की झांकी में मां श्री रास मंडल उज्जैन के बच्चों और महिला खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में रविदास समाज के लोग उपस्थित थे। यह चल समारोह इंदौर मालवा मिल गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष कैलाश कुशवाहा द्वारा निकाला जाता है। पिछले 91 वर्षों से यह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उज्जैन मां श्री रास मंडल के प्रदर्शन को देखकर इंदौर के विभिन्न मंचों ने मंडल के अध्यक्ष खलीफा एवं खिलाड़ियों का 31 पुरस्कारों से सम्मानित किया। इन झांकियों में पौराणिक कथाओं, देवी-देवताओं और सामाजिक संदेशों को दर्शाया गया।

# संगति ही दिखाती है सही रास्ता : अणुवत्स

**जागरण नागदा।** 25 दिवसीय सिद्धभक्तितप लगभग 51 श्रावक-श्राविकाओं द्वारा शुरू हो गया है। इस तप में 8 द्रव्य की मर्यादा, रात्रि भोजन त्याग, सचित वस्तु का त्याग 8 लोगस, 8 नमोथुनम, 21 माला, 8 वंदना एवं प्रतिक्रमण, ब्रह्मचर्य पालन होता है।

पूज्य अणुवत्सजी ने कहा कि कुछ मनुष्यों की धारणा है कि संसार में सुख है और संयम में दुःख है। अगर संयम में दुःख होता तो बड़े-बड़े राजा, रानियां, चक्रवर्ती सम्राट, संयम अंगीकार नहीं करते। संयम में भगवान की आज्ञा का पालन करना होता है। कैशलोच करना होता है। संयम के बिना कर्मो की निर्जरा संभव नहीं। संयम में सहनशीलता बढ़ाना पड़ती है। हम कितना सहन कर सकते है ये परीक्षा हो जाती है। संयम लेने वाला ही संयम की सोच रखता है। यही संगती ही सही रास्ता दिखाती है। गलत संगती घर परिवार, रिश्ते नाते और अपनों से दूर करती है।

आदित्यमुनिजी ने कहा कि भक्ती जब भी करें निस्वार्थ एवं कपट रहित भाव से करें। आज 24 घंटो में हमारे पास भक्ति करने का कितना समय है। पहले समय में पूरा परिवार एक जगह एकत्रित होकर 40 से 45 मिनिट भक्ती आराधना करता था। अब वो परिवार कहाँ बचे ? भक्ति तो दूर भगवान का नाम लेने का समय भी नहीं। जिस प्रकार रोगों को मिटाने के लिये डॉक्टर और दवा की जरूरत पड़ती है उसी प्रकार जनम मरण, पाप क्रियाओं, मोहकर्मो की क्रियाओं को मिटाने के लिये भगवान की भक्तिस्वरूप दवाई का सेवन करना पडेगा।

आत्मज्ञाता धर्मज्ञाता बने। जीव अपने भीतर गुणीजनों के गुण देखकर मोक्ष के अंगो का स्मरण कर खुश होगा। भक्ति हमेशा मन के भीतर की होना चाहिये। अपनी दृष्टी को बदलना अपने अवगुणों को निकालकर शुद्ध भक्ति भाव से सही गुणो को अपनाना ही जीवन की सफलता है।

5 उपवास रजनेश भटेवरा, 14 उपवास रंजना डोडीया रत्नाखेडी, 20 उपवास निर्मला चण्डालिया के चल रहे है। संचालन विलास पावेचा ने किया एवं आभार राकेश कोलन ने माना। यह जानकारी मीडिया प्रभारी नितिन बुडावनवाला ने दी

# श्राद्ध पक्ष में भोजन कराने के लिए पितरों के प्रतीक कौवे नहीं आ रहे नजर



**जागरण उज्जैन।** श्राद्ध पक्ष शुरू हो चुका हैं तथा पितरों का तर्पण कार्यक्रम हो रहा है और इस समय में कौओ को खाना डाला जाता है लेकिन वे कहीं दिखाई नहीं दे रहे हैं। पर्यावरण के जानकारों का कहना है कि धीरे धीरे यह पक्षी कम होता जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि शास्त्रों के अनुसार पक्षी कौवे को पितरों का प्रतीक माना जाता है और यह भी कहा जाता है कि कौओं की उम्र काफी अधिक होती है। आज से 10 साल पहले उज्जैन में कौवे दिखते थे लेकिन शहरी क्षेत्र से पूरी तरह से गायब हो चुके हैं। वर्तमान में कबूतर बड़ी तादाद में नजर आते हैं और विभिन्न चिडियाएँ भी दिखती हैं लेकिन वर्ष में श्राद्ध पक्ष का समय ऐसा होता है जब लोग कौओं को विधि विधान अनुसार भोजन कराते हैं। कुछ समय पहले कौओं की काँव-काँव सुनाई देती थी लेकिन समय के साथ-साथ यह पक्षी लुप्त हो रहा है और इस श्राद्ध में भी उसकी याद आ रही है तथा कहीं दिखाई नहीं दे रहा है। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि कौए गंदगी नष्ट करते हैं और सड़े गले जानवर खाते हैं तथा वे एक तरह से सफाई कर्मी होते हैं लेकिन पर्यावरणविदों के अनुसार यह पक्षी धीरे-धीरे कम हो रहा है और शहरी क्षेत्र में दिखाई नहीं देता। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि कौओ समूह में रहता है और उसकी एक आँख होती है। उज्जैन शहर अत्यंत प्राचीन है और अवंति स्कंद पुराण में इसका उल्लेख है और यहाँ श्राद्ध करने का विशेष महत्व बताया गया है और ब्राह्मणों के साथ पक्षी कौओं को भी भोजन कराया जाता है। कौओं की प्रजाति पिछले कुछ वर्षों से लगातार लुप्त हो रही है। पहले नदी क्षेत्र में कौए दिखाई देते थे लेकिन वहाँ से भी गायब हो गए हैं।

# अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**जागरण तराना।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक अध्यक्ष हिंदू हृदय सम्राट डॉक्टर प्रवीण भाई तोगड़िया के निर्देश पर पूरे देश भर में जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाओ लव जिहाद पर कानून बनाओ गाय माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिया जाए बांग्लादेशी घुसपैठ रोहिंग्या मुसलमान को देश से भगाओ पर अभियान चलाया जा रहा है।

आज तराना में प्रधानमंत्री के नाम तराना एसडीएम ब्रजेश सक्सेना को ज्ञापन दिया गया ज्ञापन एक रैली के रूप में सिएम राईज स्कूल के सामने कार्यालय से सरदार वल्लभभाई पटेल चौराहा बस स्टैंड उत्तारा चौराहा होते हुए तहसील में एसडीएम कार्यालय पर पहुंच नारेबाजी कर ज्ञापन सौंपा

इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद प्रांत कोषाध्यक्ष मुकेश पाटीदार राष्ट्रीय बजरंग दल जिला महामंत्री संतोष पाटीदार तहसील अध्यक्ष बहादुर पटेल महामंत्री गुलाब सिंह उपाध्यक्ष लखन मालवीय उपाध्यक्ष मोकमसिह चांदना राष्ट्रीय बजरंग दल तहसील अध्यक्ष विजेंद्र सिंह पवार माखन सिंह कमल सिंह दिनेश गुर्जर लखन निगम नटवर सिंह शुभम बैरागी अर्जुन सिंह शिवनारायण पाटीदार राहुल बैरागी शुभम बैरागी धर्मेंद्र सिंह रविंद्र सिंह सरवन सिंह जितेंद्र राजेंद्र सिंह जोजन सिंह देवेंद्र सिंह जितेंद्र प्रजापत भगवान सिंह लोकेंद्र राधेश्याम सोलंकी संदीप पाटीदार माधव अर्जुन गुर्जर हरिशंकर उपस्थित रहे जानकारी नटवर सिंह ग्रामीण अध्यक्ष ने दी।

## न्यूज कार्नर

### राजीव मिश्रा होंगे नए पुलिस कप्तान, विनीत जैन को बालाघाट भेजा

**जागरण अशोकनगर।** स्थानांतरण के लिए लंबे समय से प्रतीक्षा सूची में पड़े डीआईजी विनीत कुमार जैन को पुलिस अधीक्षक अशोकनगर के पद से हटाकर बालाघाट रेंज का डीआईजी बनाया गया है। उनके स्थान पर भोपाल में महिला षाखा के डीआईजी रहे राजीव कुमार मिश्रा को नया पुलिस कप्तान बनाकर अशोकनगर भेजा गया है। बता दें कि श्री मिश्रा 2012 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी हैं। वह गुना के पुलिस अधीक्षक भी रहे हैं, जिन्हे 2022 में गुना के आरोन में काले हिरण के शिकार एवं तीन पुलिसकर्मियों की हत्या के बाद हटाया गया था। वहीं श्री जैन को बीते 31 दिसंबर 2024 को प्रोन्नत कर डीआईजी की रैंक दे दी गई थी लेकिन उनका स्थानांतरण नहीं हुआ था।

### जुआ खेलते तीन पकड़ाए

**अशोकनगर।** पिपरई पुलिस ने बेलई गांव में मंदिर के पास जुआ खेल रहे तीन लोगों को पकड़ा है। इनके पास से 4100 रुपये और ताश गड्डी बरामद की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राजेन्द्र उर्फ राजू पुत्र छूट्टन लाल कलावत निवासी परासरी, वृन्दावन पुत्र मलखान सिंह राजपूत निवासी ग्राम कजराई और रणवीर लोधी रविवार की शाम को मंदिर के पास ग्राम बेलई में ताश पत्तों से रुपयें पैसों पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेलते पाये गये। पुलिस द्वारा इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### पड़ा की टक्कर से युवक की मौत

**अशोकनगर।** ईसागढ थाना क्षेत्र के ग्राम श्यामाटोरी में एक पच्चीस साल के युवक को पडा ने टक्कर मारी दी जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। सूचनाकर्ता कप्तान सिंह पुत्र पन्नालाल गुर्जर निवासी ग्राम चाटोली थाना कदवाया ने ईसागढ़ पुलिस को सूचना दी थी कि सेंधपाल गुर्जर पुत्र लक्ष्मण सिंह गुर्जर निवासी चाटोली को छह सितंबर को मनोहर सिंह सिख के खेत के पास पड़ा ने टक्कर मार दी थी।

# कलेक्टर पहुंचे जिला अस्पताल मरीजों से की बात, देखी व्यवस्थाएं

## पैथोलॉजी लेब में लगेगा नि:शुल्क जांच का बोर्ड, वार्डों का किया निरीक्षण



**जागरण अशोकनगर।**

कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा जिला अस्पताल का लगातार निरीक्षण कर व्यवस्थाओं में बदलाव किया जा रहा है। जिससे अस्पताल आने वाले मरीजों को ठीक ढंग से उपचार मिल सके। इसी क्रम में सोमवार को भी कलेक्टर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां सम्पूर्ण अस्पताल परिसर सहित विभिन्न वार्डो का निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं सहित अन्यू आवश्यक व्यवस्थाओं को देखा।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य लाभ ले रहे भर्ती मरीजों से चर्चा कर उपचार के बारे में आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिले। कोई भी मरीज उपचार हेतु अनावश्यक रूप से परेशान न रहे। उन्होंने पीएनसी वार्ड में ट्यूबलाइट, वार्डों में राउन्ड के समय एवं डॉक्टर्स का नाम लिखवाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि पैथोलॉजी लेब में निशुल्क जॉच का बोर्ड लगवाया जाए। उन्होंने जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किए जाने के निर्देश दिए। वार्डों में वेड एवं गद्दे की आवश्यक व्यवस्था कराई जाए।

### राष्ट्रीय गौ सेवा परिषद ने गायों को बांधे रेडियम बेल्ट

**अशोकनगर।** सामाजिक संगठन राष्ट्रीय गौ सेवा परिषद द्वारा सड़क पर बैठी निराश्रित गायों के गले में रेडियम पट्टी पहनाने का काम शुरु किया गया है। राष्ट्रीय गौ सेवा परिषद के सदस्यों ने बताया आये दिन सड़क हादसों पर रोक लगाने के लिए गौमाताओं को रेडियम बेल्ट पहनाने का काम संगइन द्वारा किया जा रहा है। सामेवार को कोलुआ रोड तिराहा से खिरिया गांव तक सड़क और इसके आसपास भटक रहीं गौमाताओं को रेडियम लगे बेल्ट बांधें हैं। इसका उद्देश्य गायों को दुर्घटनाओं से बचाना है। बेल्टों पर वाहनों की लाइट पड़ती है तो वो चमकने लगती है जिससे वाहन चालक को यह पता चल जाता है कि सामने कोई मवेशी बैठा है और वह अपने वाहन को धीमा कर लेता है। ताकि सड़क पर बैठी गाय दुर्घटना का शिकार होने से बच सके। इससे वाहन चालक भी सुरक्षित होगें और सड़क हादसों में कमी आएगी। गायों को रेडियम युक्त बेल्ट पहनाने के दौरान अभिषेक मोहरी, दिव्यांश यादव रिजोदा आदि गौ सेवक उपस्थित थे।

## समिति ने किया 150 शिक्षकों एवं समाजसेवियों का सम्मान



**जागरण अशोकनगर।** श्रीमती कंचन शिक्षा प्रसार समिति एवं महिला बाल विकास समिति द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर स्मॉर्ट किड्स स्कूल में तारा सिंह यादव के संरक्षण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग से लेकर सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले 150 शिक्षकों का समाजसेवियों का सम्मान किया गया। जिनमें जगन्नाथ सिंह रघुवंशी,प्रोफेसर बलवंत सिंह यादव, दिनेश शर्मा, रश्मि मुकेश रघुवंशी, तारा सिंह, प्रहलाद श्रीवास्तव, डॉ. रजनी शुक्ला, ममता रघुवंशी, सीमा कपिल रघुवंशी, सीमा शर्मा, गंगा दिलीप रघुवंशी, बीके बामौरिया, अनिल खंतवाल, सीमा जैन, जगमोहन यादव, राजकुमार धाकड़, हेमंत दुबे, दिनेश शर्मा सहित 150 शिक्षकों एवं समाजसेवियों का सम्मान किया।

## कलेक्टर ने स्वर्ण पदक जीतने पर मानसी को किया सम्मानित

**जागरण अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने सोमवार को मध्यीप्रदेश शूटिंग अकादमी की शॉटगन स्किट शूटर जिले की बेटी मानसी रघुवंशी द्वारा कजाकिस्तान में आयोजित 16वीं एशियन शूटिंग शॉटगन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। कलेक्टंर द्वारा जिले की बेटी मानसी के द्वारा आयोजित की गई उपलब्धि के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्हों ने कहा कि इसी प्रकार अपनी मेहनत और लगन के साथ सुनहरे भविष्य की ओर आगे बढ़ती रहें। जिला प्रशासन की ओर से आपको खेल में आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। जिससे जिले का नाम प्रदेश और देशभर में रोशन कर सकें। उन्हों ने कहा कि देश की बेटियों के लिए प्रेरणा बन सकें और आपसे प्रेरित होकर जिले की और बेटियां भी हर क्षेत्र में अपना नाम रोशन करेंगी। उल्लेखनीय है कि मानसी के पिता संतोष रघुवंशी शासकीय शिक्षक है जो कि ग्राम पहाड़ा जिला अशोकनगर के निवासी है। मानसी के सम्मान अवसर पर उनके परिजन सहित अरुण रघुवंशी जिला खेल अधिकारी उपस्थित रहे।

## युवाओं को शक्तिशाली बनाने शुरू हुआ बाल उपासना केंद्र



**जागरण अशोकनगर।**

विश्व हिंदू परिषद कार्यालय अंबेडकर भवन में बजरंग दल द्वारा बाल उपासना केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पाठ प्रांत अर्चक मंदिर प्रमुख डॉ. दीपक मिश्रा ने कहा कि युवाओं को मजबूत और सशक्त शक्तिशाली बनाना है। प्रतिदिन बालों उपासना केंद्र पर आकर अपनी साधना करना चाहिए।

इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री योगी वीर सिंह द्वारा आवाहन किया गया कि युवा अधिक अधिक संख्या में आएं और मजबूत बनें। बजरंग दल देश का बल है जब देश का युवा सशक्त शक्तिशाली होगा तभी राष्ट्र विरोधी शक्तियां परास्त होंगीं। विभाग मंत्री दिलीप सिंह ने कहा कि युवाओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण है कि बाल उपासना केद्रों पर आएं। बजरंग दल विभाग संयोजक वेदराम लोधी ने कहा कि युवाओं को सशक्त बनाने के लिए हमने अशोकनगर में इस पहले केंद्र का शुभारंभ किया है, आगे भी और बाल उपासना केंद्र खुलेंगे। युवाओं को जोड़ेंगे राष्ट्र की रक्षा करेंगे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दिनेश जैन, अशोक रघुवंशी, रामकुमार चौधरी, दशरथ सिंह यादव, रामवीर यादव, भगवान सिंह यादव, अभिषेक शर्मा, अभिषेक यादव, सतीश शर्मा, राजकुमार धाकड़ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## केन्द्रीय मंत्री सिंधिया से क्षेत्रवासियों ने मांगी उज्जैन देहरादून एक्सप्रेस ट्रेन

### क्षेत्र के लोगों को नहीं मिल पा रहा लाभ




**जागरण मुंगावली।**

क्षेत्र के लोग इस समय मथुरा, गोवर्धन ओर महाकाल के लिए सीधे ट्रेन नहीं होने से परेशान हो रहे है जिससे क्षेत्र के लोग यहां वहां से धार्मिक एवं व्यापारिक क्षेत्र पर पहुंचने के लिए ट्रेन को पकड़ते है। जिससे उनके समय का ओर आर्थिक नुकसान तो होता ही है साथ ही भारी परेशानी का सामना भी करना पड़ता है जबकि कोरोना काल से पहले क्षेत्रवासियों के लिए यह ट्रेन नींव के पत्थर के समान थी जो उज्जैन महाकाल होकर मथुरा और दिल्ली जाती थी लेकिन कोरोना काल से यह ट्रेन बंद है जिसका फिर से परिचालन की मांग उठने लगी है। परंतु कोराना के बाद उक्त गाडी का संचालन गुना, शिवपुरी से ग्वालियर कर देने से जिला अशोकनगर क्षेत्र वासियो को चिकित्सा, व्यापार, रोजगार ओर शिक्षा के हव केंद्र बिंदु इंदौर, दिल्ली से ही नही बल्कि आस्था के केंद्र बिंदु महाकाल की नगरी उज्जैन एंव हम सभी के आराध्य कृष्ण की जन्म भूमि मथुरा से भी अलग कर दिया। उज्जैनी ओर देहरादून ट्रेन के रूट बदलने से जहां क्षेत्र के लोग परेशान हो रहे है तो वहीं अब क्षेत्रवासी क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया से उम्मीद लगाए हुए है कि वह क्षेत्र के लोगों की मांग को जल्द पूरा करेंगे और जल्द ही नगर से सीधी ट्रेन उज्जैन, मथुरा ओर दिल्ली के लिए मिल जाएगी जिससे लोगों की धार्मिक आस्था से सीधा जुड़ाव सहित शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार भी सुगम हो सके। क्षेत्रीय सांसद का आगमन जिले में होना है और लोग उनसे अपनी यह मांग रखेंगे।

सुनील आचार्य, जेडआरयूसीसी सदस्य ने कहा कि जेडआरयूसीसी का सदस्य होने के नाते में क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया से उज्जैनी देहरादून को पुनः पुराने रूट से संचालन के लिए ज्ञापन दूँगा जिसके द्वारा क्षेत्रीय लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार एवं धार्मिक स्थलों पर आने जाने में आ रही समस्या से निजात मिल सकें।

नितिन कुमार जैन, व्यापारी बहादुरपुर ने कहा कि मैं व्यापार के संबंध में ग्वालियर और दिल्ली आता जाता हूं जब से उज्जैन देहरादून ट्रैन का रूट चेंज हुआ है तब से मुझे ओर मेरे अन्य व्यापारी भाइयों को व्यापार करने में अत्यधिक असुविधा आने लगी। इतना ही नहीं पूरे जिले के लोग इसी ट्रैन से उज्जैन महाकाल ओर मथुरा गोवर्धन आदि तीर्थो पर दर्शन के लिए जाते थे इसके अलावा क्षेत्र के लोग गंभीर बीमारी के इलाज ओर स्टूडेंट्स उच्च शिक्षा के लिए दिल्ली जाते थे अब यह ट्रेन न होने से क्षेत्र वासियों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। क्षेत्रवासियों की समस्या को ध्यान में रखते हुए उज्जैन देहरादून ट्रैन को पुनः पुराने रूट से संचालित किया जाए।

# प्रभारी मंत्री तोमर ने किया वार्डों का निरीक्षण, सुनीं समस्याएं

## स्वच्छता, बिजली, पेयजल सहित अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं का जायजा लिया



**जागरण, शिवपुरी।** मप्र के ऊर्जा मंत्री एवं शिवपुरी जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने आज शिवपुरी शहर के विभिन्न वार्डों का दौरा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और आमजन से बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। मंत्री श्री तोमर ने वार्ड क्रमांक 07, 12, 26 और 39 का भ्रमण किया। उन्होंने स्वच्छता, बिजली, पेयजल सहित अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव, विधायक देवेंद्र जैन, नपा अध्यक्ष गायत्री शर्मा, कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी, एसडीएम आनन्द सिंह राजावत मौजूद रहे।

मंत्री श्री तोमर ने लोगों से कहा कि यहां किसी चुनाव का प्रचार नहीं, केवल समस्याओं का समाधान ही हमारा उद्देश्य है। जनता तक सीधा पहुंचकर उनकी दिक्कतें जानना और हल करना हमारी प्राथमिकता है। स्थानीय लोगों ने कहा कि अगर मंत्री जी रोज आएं, तो सफाई भी रोज होगी। जहां वार्ड 07 श्रीराम कॉलोनी में नागरिकों ने नाली, सीवेज, स्ट्रीट लाइट और जलभराव की समस्याओं से अवगत कराया। मंत्री ने जनभागीदारी से कॉलोनी को स्मार्ट कॉलोनी के रूप में विकसित करने का आश्वासन दिया। वार्ड 12 मनियर में सड़कों के गड्ढे भरवाने, मुक्तिधाम में बिजली व्यवस्था, पेयजल टंकी व ट्यूबवेलों की मरम्मत, कर्मचारी नियुक्ति और अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र फतेहपुर में अव्यवस्था मिलने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने को कहा। शासकीय प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण कर मध्यान्ह भोजन वितरण सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। वार्ड 26 नीलघर चौराहा-बड़े बाजार में सड़क जीर्णोद्धार हेतु पुनः टेंडर करने और बड़े बाजार क्षेत्र में नाले की सफाई कराने के निर्देश। वार्ड 39 ठकुरपुरा-अम्बेडकर पार्क में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और पार्क का रखरखाव कर रहे आकाश जाटव को मानदेय भुगतान करने के निर्देश दिए। खुले ट्रांसफार्मरों के आसपास सुरक्षा घेरा लगाने और बच्चों के लिए खेल मैदान हेतु शासकीय भूमि चिन्हित करने का भी निर्देश। प्रभारी मंत्री श्री तोमर ने कहा कि शिवपुरी को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने का कार्य केवल जनसहभागिता से ही संभव है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि सभी लोग मिलकर शहर की स्वच्छता और विकास में सक्रिय योगदान दें। इस अवसर पर मंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि 15 दिवस के भीतर शिविर आयोजित कर पेंशन, राशन और अन्य नागरिक सेवाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

## ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में आपसी भाईचारे एवं सौहार्द की पेश की मिसाल



**जागरण, शिवपुरी।** शहर शिवपुरी में इस वर्ष भी जश्ने ईद मिलादुन्नबी बड़े ही शान-ओ-शौकत और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। परंपरा के मुताबिक जुलूस-ए-मुस्तफा 5 सितम्बर को निकलना था, लेकिन हिन्दू समाज के श्री गणेश उत्सव कार्यक्रमों का सम्मान करते हुए मुस्लिम समुदाय ने अपनी खुशियों को दो दिन टालकर 7 सितम्बर को जुलूस निकालने का फैसला किया। यह कदम शहर में आपसी प्रेम, सौहार्द और गंगा-जमुनी तहजीब की बेमिसाल मिसाल बन गया।

जुलूस-ए-मुस्तफा का आगाज हुसैन टेकरी से हुआ, जिसकी कयादत इस साल चुने गए सदर शाकिर अब्बासी उर्फ गब्बर भाई ने की। जुलूस शहर के निर्धारित मार्गों से होते हुए पुनः हुसैन टेकरी पर संपन्न हुआ। पूरे कार्यक्रम में मुस्लिम समुदाय के युवाओं ने जुलूस की कामयाबी में अहम भूमिका निभाई। जुलूस में सूफी संतों पीर सूफी मोहम्मद बाबा समीर शाह साहिब, पीर सूफी मोहम्मद बाबा शब्बीर शाह साहिब, शहर काजी और तमाम बुजुर्गों व जिम्मेदारानों की मौजूदगी ने इसे और भी ऐतिहासिक बना दिया। विशेष बात यह रही कि जुलूस में मुस्लिम समाज के साथ-साथ हिन्दू भाइयों ने भी बढ़-चढ़कर स्वागत किया, फूल बरसाए और तबर्रुक व प्रसादी का वितरण हुआ। पूरा माहौल आपसी भाईचारे, मोहब्बत और खुशियों से सराबोर रहा।

### 3 साल से फरार इनामी दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, शिवपुरी।** कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के गंभीर प्रकरण में फरार चल रहे रामहेत आदिवासी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। आरोपी पर 3 साल पहले नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म का आरोप था और उसे पकड़ने के लिए 8000 रुपए का इनाम घोषित किया गया था। जानकारी के अनुसार दिनांक 11.11.2022 को फरियादी ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका 17 वर्षीय नाबालिग बेटी को आरोपी रामहेत आदिवासी बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। मामले की विवेचना के दौरान पीड़िता के कथनों के आधार पर आरोपी के विरुद्ध धारा 366, 376 भादवि एवं पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। 3 साल से फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक श्री अमन राठौड़ ने इनाम घोषित किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले और नगर पुलिस अधीक्षक संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में कोतवाली टीआई कृपाल सिंह राठौड़ ने टीम बनाकर लगातार दबिश दी। दिनांक 07.09.2025 को आरोपी रामहेत आदिवासी को पोहरी बस स्टैंड, शिवपुरी से गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में सुमित शर्मा, मुरारी यादव, प्र.आर. 797 संतोष बैश, आर अजय यादव, बृजेश जादौन,दीपक तिवारी और अंकित शर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

## पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन पर शिवपुरी में होगा भव्य सेवा पखवाड़ा आयोजित

### भाजपा जिलाध्यक्ष बोले- स्वदेशी अपनाएं, वोकल फॉर लोकल को दें महत्व



**जागरण, शिवपुरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे देश में 'सेवा पखवाड़ा' मना रही है। इसी कड़ी में शिवपुरी में भी विभिन्न सेवा व सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन होगा। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, पूर्व मंत्री सुरेश राठखेडा, पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील रघुवंशी, विधायक महेंद्र यादव, महामंत्री पृथ्वीराज जादौन, गगन खटीक सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव ने बैठक में कहा कि सेवा पखवाड़ा केवल एक उत्सव नहीं बल्कि समाज सेवा की सच्ची भावना है। हमें विदेशी सामानों से बचकर स्वदेशी को अपनाना होगा और प्रधानमंत्री के लोकल फॉर वोकल अभियान को जन-जन तक पहुँचाना होगा। शिवपुरी में होने वाले प्रमुख कार्यक्रमों में स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान व जल संरक्षण, पौधारोपण एवं नमो वन-नमो पार्क अभियान, अनाथालय, वृद्धाश्रम में सेवा कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर प्रदर्शनी व डॉक्यूमेंट्री, प्रबुद्ध संवाद एवं संगोष्ठियाँ, दिव्यांगों को उपकरण वितरण, खादी वस्तुओं की खरीद व प्रोत्साहन शामिल हैं। बैठक में तय किया गया कि प्रत्येक कार्यक्रम की रिपोर्ट संगठन ऐप पर दर्ज की जाएगी। रक्तदान शिविर का प्रभारी पूर्व राज्य मंत्री सुरेश राठखेड़ा, स्वच्छता अभियान के प्रभारी पूर्व मंडल अध्यक्ष विक्की मंगल, प्रदर्शनी के प्रभारी विधायक देवेंद्र जैन सहित दर्जनों वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। कार्यक्रम संयोजक हेमंत ओझा व सह-संयोजक मुकेश चौहान बनाए गए हैं। संचालन अशोक खंडेलवाल ने किया तथा आभार मुकेश चौहान ने व्यक्त किया।

## माँ की अंतिम इच्छा पूरी कर बेटियों ने दिया संदेश, शिवपुरी में पहला देहदान

### गार्ड ऑफ ऑनर के साथ दी गई विदाई



**जागरण, शिवपुरी।** जीवनभर शिक्षा और सेवा भाव से जुड़े रहने वाली 78 वर्षीय शिक्षिका सरोज मदान ने मृत्यु के बाद भी समाज को सीख देने का काम किया। सोमवार को उनकी चारों बेटियों कुसुम, विनीता मदान, पुनीता भुगड़ा और तृप्ति अरोरा ने मां की अंतिम इच्छा के अनुसार उनका पार्थिव शरीर श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया मेडिकल कॉलेज शिवपुरी को समर्पित कर दिया। यह क्षण शिवपुरी के इतिहास में अद्वितीय रहा, जब देहदान करने वाले को पहली बार राजकीय सम्मान दिया गया। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में पुलिस फोर्स ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर स्व. सरोज मदान को अंतिम सलामी दी। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज अधिष्ठाता डॉ. डी. परमहंस, डॉ. ईला गुजारिया, डॉ. आशुतोष चौऋषि सहित वरिष्ठ चिकित्सक, एमबीबीएस छात्र-छात्राएँ और कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने श्रद्धा और सम्मान के साथ देहदान को स्वीकार किया।

दिवंगत सरोज की बेटी पुनीता ने बताया कि मां ने वर्ष 2017 में ही दधीचि देहदान समिति गुना में पंजीकरण कर देहदान का संकल्प लिया था। वहीं बेटी विनीता ने भावुक होते हुए कहा कि मां हमेशा सेवा भाव से जुड़ी रहीं। उनका कहना था कि मृत्यु के बाद भी हमारा शरीर किसी के काम आए। हम गर्व महसूस करते हैं कि हमने उनकी अंतिम इच्छा पूरी की। इसी प्रेरणा से मैंने भी देहदान का संकल्प लिया है। अधिष्ठाता डॉ. परमहंस ने परिवार की सराहना करते हुए कहा कि यह निर्णय समाज के लिए प्रेरणा है। हम इस कठिन समय में परिवार के साथ खड़े हैं और हर संभव मदद करेंगे। मां की अंतिम इच्छा को पूरा कर बेटियों ने न सिर्फ अपनी मां को सच्ची श्रद्धांजलि दी, बल्कि समाज के सामने 'जीवन से परे सेवा' की अनूठी मिसाल भी कायम कर दी।

### 40 साल से खेती कर रहे सहरियाओं पर संकट के बादल, तालाब किनारे बाउंड्री निर्माण से उजड़ने का डर

**शिवपुरी।** जिले के पाडरखेड़ा गंजीपुरा गांव में रह रहे सहरिया समुदाय के परिवारों के सामने विस्थापन का खतरा मंडरा रहा है। पिछले चार दशकों से तालाब किनारे की जमीन पर खेती कर रहे इन परिवारों ने सोमवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मदद की गुहार लगाई। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब के पास बाउंड्री निर्माण कार्य शुरू हो गया है। यह वही जमीन है, जिस पर उनकी पीढ़ियां खेती कर अपनी आजीविका चला रही हैं। अगर बाउंड्री निर्माण इसी तरह जारी रहा, तो उनकी खेती चौपट हो जाएगी और परिवारों के सामने भुखमरी का संकट खड़ा हो जाएगा। सहरिया परिवारों ने प्रशासन से निवेदन किया है कि बाउंड्री निर्माण उनकी खेती की जमीन को छोड़कर किया जाए ताकि वे बिना किसी बाधा के अपना जीवन-यापन और खेती-बाड़ी जारी रख सकें।

### 60 लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**शिवपुरी।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी पोहरी आनंद राय के मार्गदर्शन में बैराड़ पुलिस ने सोमवार को अवैध शराब कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 60 लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बैराड़ थाना प्रभारी रविशंकर कौशल के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर गल्ला मंडी के पीछे टपरा मोहल्ला कचरा डंपिंग स्थल के पास दबिश देकर आरोपी राजू पुत्र चन्दन सिंह बेड़िया उम्र 35 वर्ष निवासी टोरियापुरा हाल गायत्री कॉलोनी बैराड़ को पकड़ा गया। उसके कब्जे से दो प्लास्टिक की केनों में रखी हाथ भट्टी की बनी 60 लीटर कच्ची शराब, जिसकी कीमत लगभग 6 हजार रुपये आंकी गई है, बरामद की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक रविशंकर कौशल, सउनि हरिओम पाण्डे, प्रआर सुरेन्द्र भगत, आर ज्ञानसिंह रावत, राजेन्द्र प्रसाद, अखिलेश धाकड़ व मआर वैशाली श्रीवास्तव की सराहनीय भूमिका रही।

जागरण गुना

गुना, 9 सितंबर 2025 | चांचौड़ा - राघौगढ़ | www.dainikjagranmpcg.com

### रोजगार सहायकों को सचिव का चार्ज सौंपने पर रोक

**जागरण, हरदा।** मध्यप्रदेश शासन ने एक महत्वपूर्ण आदेश जारी कर स्पष्ट कर दिया है कि अब सचिव विहीन ग्राम पंचायतों में ग्राम रोजगार सहायक को पंचायत सचिव का चार्ज नहीं सौंपा जाएगा। शासन के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 4 सितंबर 2025 को जारी पत्र में यह निर्देश दिए गए हैं। ग्राम रोजगार सहायकों के संघ द्वारा सोमवार को कलेक्टर हरदा को ज्ञापन सौंपकर शासन के इस आदेश की प्रति सौंपी गई।

### बलराम जयंती पर शोभायात्रा निकलेगी

**जागरण, टिमरनी।** भारतीय किसान संघ तहसील टिमरनी द्वारा भगवान बलराम जयंती मंगलवार को ग्राम पोखरनी में हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर सुबह 9 बजे से शोभायात्रा, वाहन रैली निकाली जाएगी। तत्पश्चात किसानों की समस्याओं को लेकर तहसील कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। संघ ने बताया कि किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर सभी तहसीलों में पीएम एवं सीएम के नाम ज्ञापन दिया जाएगा।

## न्यूज कॉर्नर

### जिले में अब तक 1645.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**गुना।** गुना जिले में 01 जून से अब तक 1645.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। जो कि सामान्य वर्षा का 156.2 प्रतिशत है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 1019.3 औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1053.5 मिमी है। जानकारी के अनुसार 01 जून से 8 सितम्बर प्रातः 8 बजे तक जिले के वर्षामापी केन्द्र गुना में 1901.6 मिमी, बमोरी में 1663.4, आरोन में 1372.0, राघौगढ़ में 1548.0, चांचौड़ा में 1589.0, कुम्भराज में 1645.0 तथा वर्षा मापी केन्द्र मक्सूदनगढ़ में 1800.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में 1.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि में वर्षा मापी केन्द्र गुना में 0.0 मिमी., बमोरी में 6.0 मिमी., आरोन में 0.0 मिमी., राघौगढ़ में 2.0 मिमी., चांचौड़ा में 0.0 मिमी., कुंभराज में 2.0 एवं वर्षामापी केन्द्र मक्सूदनगढ़ में 0.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

### पेंशन शिविर के निराकरण के लिए कैंप कल

**गुना।** जिला पेंशन अधिकारी रश्मि तंतुवाय ने बताया हैं कि पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए कैम्प का आयोजन जिला पेंशन कार्यालय में दिनांक 10 सितम्बर को किया जायेगा। इस कैम्प में समस्तज अधिकारी/ कर्मचारी अपने लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण करा सकते है।

### भारत साक्षरता कार्यक्रम का किया आयोजन

गुना। उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत जन शिक्षण संस्थान गुना एवं जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण गुना के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें असाक्षरों के सर्वाधिक पंजीयन अक्षर साथियों के सर्वाधिक पंजीयन तथा साक्षरता कक्षाओं के नियमित संचालन आदि कार्य सम्पादन कराने में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विकास खंड सह समन्वयक साक्षरता प्रद्युमन शर्मा, संकुल सह समन्वयक चंद्रभान सिंह रघुवंशी, दामोदर धाकड़, जलील अहमद, हेमंत वर्मा, प्रमोद भार्गवआदि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### 5 साल से फरार छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**गुना।** पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देश पर, गुना पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों और वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष अभियान चलाया है। इसी कड़ी में, कंट थाना पुलिस ने पांच साल पुराने छेड़छाड़ के एक मामले में फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया है। साल 2020 में, आरोपी अशोक जाटव (उम्र 40) निवासी ग्राम बिसोनिया के खिलाफ कंट थाने में एक महिला के घर में घुसकर उससे छेड़छाड़ करने का मामला दर्ज हुआ था. यह मामला अपराध क्रमांक 231/20 के तहत धारा 457 और 354 भादवि के अंतर्गत दर्ज किया गया था। यह आरोपी लगातार कोर्ट की कार्यवाही से बच रहा था, जिसके बाद कोर्ट ने उसकी गिरफ्तारी के लिए स्थायी वारंट जारी किया था।

### वर्धमान सोशल ग्रुप ने मनाया क्षमावाणी पर्व

गुना। जैन सोशल ग्रुप वर्धमान ने पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व के समापन मौके पर सामाजिक सहभागिता के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे से क्षमा याचना की और पर्यूषण पर्व की शुभकामनाएं दी गईं। जैन समाज द्वारा 28 अगस्त से 6 अगस्त तक पर्यूषण पर्व मनाया गया था। इस दौरान बड़े जैन मंदिर में कई धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। इन आयोजनों से पहले गुना में चातुर्मास कर रहे मुनिश्री ने प्रवचन देकर समाज को धर्म और संस्कृति के मार्ग से जुड़े रहने का आव्हान किया।

# खैजरा में फिर पारदी की हत्या, पत्नी को चांटे और पति को मारी गोली

## खेत में भैंस घुसने को लेकर हुआ विवाद, जमीनी विवाद में चल रही थी पुरानी रंजिश

**जागरण, गुना।** धरनावदा थाना क्षेत्र का पारदी बाहुल्य गांव एक बार फिर सुर्खियों में है। सोमवार को यहां एक और पारदी की हत्या का मामला सामने आया है।

घटनाक्रम सोमवार सुबह करीब 9 बजे सामने आया है। बताया जा रहा है कि खैजरा निवासी खैरू पारदी गुना से लौटकर अपने घर पहुंचा था, तभी उसके पड़ोसी राम पूजन पारदी, किशना पारदी सहित 3 लोगों ने गोली चला दी। बंदूक से निकली गोली खैरू के दोनों पैरों को चीरते हुए आरपार निकल गई। खैरू के परिजन आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी सामने आई है कि खैरू पारदी और रामपूजन के परिवार में कई सालों से रंजिश चली आ रही थी। शुक्रवार को राम पूजन के खेत में खेरू पारदी की भैंस चली गई। जिसको लेकर विवाद शुरु हुआ और रामपूजन ने खैरू की पत्नि को चांटा मार दिया। इसके बाद खैरू गुना से



लौटा तो दोबारा दोनों पक्षों में बहस होने लगी। इसी दौरान रामपूजन ने फायर कर दिया। घटना के समय उसके साथ 3 से 4 लोग मौजूद बताए जा रहे हैं। खैरू की मौत के बाद जिला अस्पताल में पारदी महिलाएं विलाप करते नजर आईं। खैरू की पत्नि ने बताया कि उसकी 7 बेटियां हैं, जिनका भरण-पोषण खैरू ही करता था। इतना ही नहीं उसकी सबसे बड़ी बेटी भी उसी के साथ रहती थी। खैरू पूरे परिवार का इकलौता संरक्षक था। उसकी हत्या के बाद पूरा परिवार सदमे में है। वहीं धरनावदा पुलिस ने मामले की जानकारी मिलने पर गोली चलाने वाले आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।

### दो गुटों में वर्चस्व की लड़ाई

खैजरा में बार-बार हो रहे खूनी संघर्ष दरअसल दो गुटों के बीच वर्चस्व की लड़ाई का परिणाम है। यहां आए दिन मारपीट और जमीनी विवाद की घटनाएं सामने आती रहती हैं और हत्या जैसी वारदातें आम हो चुकी हैं। बताया जा रहा है कि खेरू की हत्या भी वर्चस्व और विवाद का नतीजा है। जबकि पीड़ित परिवार इसे भैंस को लेकर शुरु हुई विवाद से जोड़ रहा है। पुलिस के मुताबिक जिस व्यक्ति पर मारपीट का आरोप लगा है वह भी हिस्ट्रीशीटर है। ऐसे में हो सकता है कि दोनों पक्षों के बीच हाल ही के दिनों में कोई और बड़ा सांघ हुआ हो, जिसकी जानकारी पुलिस जुटा रही है।

### बिना बताए घर से निकली बालिका को पुलिस ने खोजा

**गुना।** जिले के आरोन थाना क्षेत्र से 16 वर्षीय एक नाबालिग किशोरी के घर पर किसी को बिना कुछ बताये कहीं चले जाने पर 6 सितंबर को किशोरी के पिता की ओर उसके गुम होने संबंधी रिपोर्ट आरोन थाने पर की गई थी। जिसके बाद आरोन थाने में अपराध क्रमांक 423/25 धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण कायम कर आरोन थाना पुलिस ने अपहृता की तलाश शुरू की गई और इस हेतु अपना मुखबिर जाल बिछाकर विभिन्न तकनीकी संसाधनों की मदद लेकर अपहृता के संबंध में जानकारी संकलित करने के प्रयास किये गये। जिसके परिणाम स्वरूप बीते रोज अपहृता के संबंध में मुखबिर से जानकारी मिलने पर नाबालिग किशोरी को दस्तयाब कर लिया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक बृजमोहन सिंह भदौरिया, पंकज कुशवाह, प्रधान सुजीत सिंह की भूमिका रही।

## अपनी ही सरकार के फैसले पर विवादास्पद टिप्पणी की विधायक ने

# फर्जी मीसाबंदी ले रहे हैं पेंशन : पन्नालाल

**जागरण, गुना।** गुना विधायक पन्नालाल शाक्य ने एक सार्वजनिक मंच से दावा किया है कि फर्जी लोग मीसाबंदी पेंशन प्राप्त कर रहे हैं। दरअसल, विधायक गुना की सांस्कृतिक विरासत को भूलने पर चिंता जाहिर कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने यह उदाहरण दे दिया। उनका उदाहरण मंच पर मौजूद कुछ लोगों को प्रासंगिक भी नजर आया और वे विधायक ओर आश्चर्य चकित होकर ताकते रह गए।

विधायक पन्नालाल ने मीसाबंदी फर्जी होने का तर्क उस समय दिया जब वे गुना के उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित हो रही 69वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित कर रहे थे। पन्नालाल शाक्य का कहना था कि इस कार्यक्रम के मंच से प्रतिभागियों ने पंजाब का भांगड़ा और आदिवासी संस्कृति का नृत्य प्रस्तुत किया है, इसमें कोई बुराई नहीं है। लेकिन दुख



गुना। कार्यक्रम को संबोधित करते गुना विधायक।

इस बात का है कि राजस्थान, बुंदेलखंड, मालवा और चंबल की मिश्रित संस्कृतियों का धनी होने के बावजूद गुना जिले की संस्कृति को प्रमोट नहीं किया गया। अगर मंच से गुना की संस्कृति और धरोहरों का प्रदर्शित किया जाता है तो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने आए बच्चों को शहर के इतिहास और वर्तमान से भी परिचित कराया जा सकता था। उन्होंने कहा कि माता-पिता बच्चों को पंजाब के बारे में तो बता रहे हैं, लेकिन भगत सिंह का फोटो नहीं लगा रहे हैं। आदिवासियों के बारे में तो बताया जा रहा है लेकिन बिरसा मुंडा का फोटो लगाने में शर्म आती है। विधायक हमेशा टिप्पणियों को लेकर चर्चा में रहते हैं।

### आगे परिस्थितियां विकट होने वाली हैं

खिलाड़ियों और शहरवासियों से मुखातिब हुए पन्नालाल शाक्य ने कई ऐसी बातों का भी जिक्र किया, जिसका कार्यक्रम से कोई लेना-देना नहीं था। उन्होंने अमेरिका और चीन का हवाला देते हुए 18 से 30 वर्ष आयु के लोगों से आव्हान किया कि वे सेना की ट्रेनिंग अवश्य ले लें। विधायक का तर्क था कि आने वाले दिनों में स्थितियां बहुत विकट होने वाली हैं। इसलिए युवाओं को सेना से संबंधित प्रशिक्षण लेना चाहिए। देशभक्ति से जुड़े मुद्दे पर बोलते हुए पन्नालाल शाक्य ने विवादित यू-ट्यूबर ज्योति मल्होत्रा का उदाहरण देते हुए कहा कि उनसे न सीखें, बल्कि ऐसे लोगों से सीखें तो देश के लिए खेलते हों, देश के लिए नौकरी करते हों और देश के लिए असली प्रेरणा स्त्रोत हों। खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लें और कुछ सीखें।

## फतेहगढ़ क्षेत्र में बारिश के दौरान नदी में बहे दो लोगों के शव बरामद

**जागरण, गुना।** फतेहगढ़ क्षेत्र में 5-6 सितंबर को तेज बारिश के बीच नदी में बहे दो लोगों के शवों को आज नदी से निकाल लिया गया है। दोनों मृतक फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम आनापुरा एवं बीलाखेड़ा के बताए गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार कन्ना बंजारा पुत्र पैमा बंजारा (60) निवासी बीलाखेडा 6 सितंबर को अपने खेत पर गया था, इसके बाद वह घर वापस नहीं लोटा था। परिजनों द्वारा उसके नदी में बहने की आशंका जताई गई थी। इसी बीच आज सींगाखेडी़ गांव के नीचे सुबह करीब 8 बजे क्षेत्र में बहने वाली उपरेती नदी में जामुन के पैड़ में फंसी हुई उसकी लाश मिली। इसके अलावा आनापुरा निवासी वृधद घासीलाल की भी नदी से लाश मिली है। बताया जाता है कि भैंस चराने के दौरान वह नदी में बह गया था। नदी में



खोजबीन के दौरान फतेहगढ़ थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और शवों को पानी से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मधुसूदनगढ़ में नवविवाहिता की मौत का मामला

# शिक्षक और परिजनों पर दहेज प्रताड़ना का केस

**जागरण, गुना।** मधुसूदनगढ़ में 15 अगस्त की रात नवविवाहिता मनीषा प्रजापति की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर मौत के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। जांच के बाद पुलिस ने मृतका के पति, ससुर और जेठानी सहित अन्य परिजनों पर दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है। आरोपी ससुर पूरन प्रजापति, जो कि एक सरकारी शिक्षक हैं, केस दर्ज होने के बाद से मेडिकल लगाकर फरार हो गए हैं। 24 वर्षीय मनीषा प्रजापति का विवाह इसी साल 11 अप्रैल को मधुसूदनगढ़ निवासी जितेंद्र प्रजापति से हुआ था। शादी के बाद मनीषा ने अपने मायके वालों को बताया था कि ससुराल वाले उससे बुरा व्यवहार करते हैं और उसकी जेठानी उससे घर का सारा काम करवाती है। रक्षाबंधन पर जब मनीषा अपने मायके मलावर (राजगढ़) गई थी, तब वह काफी दुखी और कमजोर दिख रही थी। उसने अपने परिवार को बताया कि उसके ससुर पूरनलाल प्रजापति ने उसे 4 लाख रुपये लाने के लिए कहा था, ताकि जितेंद्र को गाड़ी दिलाई जा सके. मनीषा के परिवार वालों ने जितेंद्र को समझाने की कोशिश की, लेकिन 15 अगस्त की सुबह मनीषा की फांसी लगाकर मौत की खबर मिली। घटना के बाद मधुसूदनगढ़ पुलिस ने मर्ग क्रमांक 30/2025 धारा 194 बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में शव का पंचनामा किया गया और गुना जिला अस्पताल में डॉक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण फांसी बताया गया है। जांच में यह सामने आया कि ससुर पूरनलाल और पति जितेंद्र द्वारा मनीषा से 4 लाख रुपये की मांग की जा रही थी । जांच रिपोर्ट के आधार पर, पुलिस ने आरोपी जितेंद्र प्रजापति (पति), पूरनलाल प्रजापति (ससुर) और गायत्री (जेठानी) के खिलाफ धारा 80, 85, 3(5) बीएनएस और 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है।

### किसान के साथ दिनदहाड़े हुई लूट का खुलासा

**गुना।** मधुसूदनगढ़ पुलिस ने किसान से हुई लूट के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान राजगढ़ जिले के सावंत सिसोदिया के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से लूटे गए 60 हजार रुपए भी बरामद किए हैं। जानकारी सामने आई है कि 6 सितंबर को मधुसूदनगढ़ के भोपाल रोड पेट्रोल पंप के पास विशनखेड़ा गांव के रहने वाले किसान कमल सिंह लोधी अपने 80,000 के गेहूं बेचकर आ रहे थे, तभी एक अज्ञात व्यक्ति ने उनसे पैसे लूट लिए। पुलिस को इस घटना की सूचना मिलने के बाद तुरंत मामला दर्ज किया गया। पुलिस टीम ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और आरोपी के भागने के रास्ते का पता लगाया। फुटेज साफ न होने के बावजूद, पुलिस ने कड़ी मेहनत से राजगढ़ क्षेत्र के एक संदिग्ध की पहचान की। इसके बाद, मुखबिरों और पुराने आरक्षक नवदीप अग्रवाल की मदद से आरोपी सांवत सिसोदिया को हिरासत में लिया गया। पुलिस का दावा है कि पूछताछ के दौरान, आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने बताया कि बाकी के 20,000 आरोपी ने शराब पीने जैसी चीजों में खर्च कर दिए।

## युवाओं को प्रोत्साहित करने मनाया जाएगा जेसी सप्ताह




**जागरण, गुना।** जेसीआई गुना शक्ति द्वारा 9 सितम्बर से 15 सितम्बर तक जेसी सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस वार्षिक कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को प्रोत्साहित करना और नए सदस्यों को संगठन से जोड़ना है। जेसी सप्ताह के तहत आयोजित होने वाली श्रृंखला के पहले दिन संस्था द्वारा एक पत्रकार वार्ता रखी गई, जिसमें सप्ताह भर आयोजित होने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया गया। इस मौके पर जेसीआई गुना शक्ति की अध्यक्ष अंजली जैन और सचिव स्वाति चौहान, संस्थापक अध्यक्ष वीणा मित्तल, मीडिया प्रभारी करुणा जैन ने बताया कि इस सप्ताह के दौरान हर दिन एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सप्ताह की शुरूआत एक प्रेस कॉन्फ्रेंस और एक %रील सीरीज% के आयोजन के साथ हुई है। सप्ताह के दौरान कई अन्य गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी, जिनमें पुस्तक वितरण, युवाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम और सदस्यता अभियान शामिल हैं। एक सामाजिक संस्था होने के नाते, जेसीआई गुना शक्ति इस सप्ताह में सामाजिक कार्य भी करेगी। इसके तहत, नानाखेड़ी स्थित आश्रम में बच्चों को जूते वितरित किए जाएंगे। संगठन का मुख्य लक्ष्य 18 से 40 वर्ष की आयु के युवाओं को जेसीआई से जोड़ना और उन्हें समाजसेवा के लिए प्रेरित करना है।

### गुना की बेटी सपना जैन को मिला आईएएस अवार्ड

**जागरण, गुना।** शहर के लिए गर्व का क्षण आया है। यहां की बेटी सपना अनुराग जैन का नाम उन प्रशासनिक अधिकारियों की सूची में शामिल हो गया है, जिन्हें भारत सरकार ने आईएएस पद पर पदोन्नत किया है। हाल ही में जारी गजट नोटिफिकेशन में सपना अनुराग जैन का चयन 2024 की चयन सूची में किया गया है। इसके साथ ही गुना ने एक और आईएएस अधिकारी देश को दिया है। सपना अनुराग जैन वर्तमान में बुरहानपुर जिले में एडीएम (अपर कलेक्टर) के पद पर पदस्थ हैं, उनका प्रमोशन होते ही गुना में खुशी की लहर दौड़ गई। शहर में परिवार, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों ने मिठाई बांटकर बधाई दी। सपना के भाई तरूण जैन ने कहा कि यह उपलब्धि पूरे परिवार और शहर के लिए गर्व का विषय है। इसी तरह सामाजिक कार्यकर्ता मनोज जैन स्वराज, राजीव जैन, मुकेश श्रीमाल, डॉ. अजीत जैन ने भी उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सपना ने गुना का नाम पूरे प्रदेश और देश में रोशन किया है।



## मील का पत्थर साबित होगी लोक अदालत, निकाली वाहन रैली

**जागरण, गुना।** गुना में 13 सितम्बर को आयोजित होने वाली लोक अदालत का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। गुना जिले के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमिताभ मिश्र के नेतृत्व में सोमवार को शहर में एक जागरुकता वाहन रैली निकाली गई। इसके अलावा सभी विभागों ने मिलकर लोक अदालत को सफल बनाने का संकल्प लिया है। लोक अदालत के प्रभावी क्रियान्वयन और सफलता के लिए निकाली गई जागरुकता वाहन रैली का शुभारंभ सोमवार सुबह जिला न्यायालय परिसर से किया गया। इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमिताभ मिश्र के अलावा जिला कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल और एसपी अंकित सोनी और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने लोक अदालत को गुना जिले के लिए नींव का पत्थर बताते हुए आवेदकों और पक्षकारों से अधिक से अधिक संख्या में इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाने की अपील की। जिला न्यायाधीश अमिताभ मिश्र ने बताया कि लोक अदालत का उद्देश्य सामाजिक स्तर पर खुशहाली लाना भी है।

## महिला सुरक्षा की मांग को लेकर हुआ राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन

**जागरण, गुना।** ऑल इंडिया महिला सांस्कृतिक संगठन ने महिला सुरक्षा की मांग पर राष्ट्रव्यापी विरोध सप्ताह के तहत सोमवार को गुना के पुराने बस स्टैंड क्षेत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ बढ़ते अपराधों, जैसे बलात्कार, सामूहिक बलात्कार और दहेज हत्याओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए मांग की है कि सरकार महिला सुरक्षा को प्राथमिकता दे और अपराधियों को कठोर सजा दी जाए। संगठन ने शराब, नशीले पदार्थों और अश्लील साहित्य, फिल्मों और पोर्न साइटों पर तुरंत प्रतिबंध लगाने की मांग की है। उनका मानना है कि ये समाज में अपराधों को बढ़ावा देते हैं। इसके अलावा समान काम के लिए समान वेतन की मांग उठाई गई और विभिन्न सरकारी योजनाओं में काम करने वाली महिलाओं और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को उचित वेतन और श्रमिक का दर्जा देने की भी मांग की गई है। प्रदर्शनकारियों ने शिक्षा, बिजली, पानी और चिकित्सा जैसी आवश्यक सेवाओं के निजीकरण को तुरंत रोकने की मांग की है।

## टीएल बैठक में कलेक्टर ने लंबित पेंशन प्रकरणों पर जताई नाराजगी, जारी किए नोटिस

# जिले में कितनी हैं गौशाला और उनमें पशुओं की क्या है स्थिति

**जागरण, गुना ।** कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में सप्ताशहिक समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक दुबे, अपर कलेक्टर अखिलेश जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा से हुई। कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्धारित 87 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर 'ए ग्रेड' प्राप्त करने के निर्देश दिए। इस दिशा में शिक्षा, जनजाति और स्वास्थ्य विभाग को विशेष प्रयास करने के लिए कहा गया। पेंशन प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने नाराज़गी जताते हुए कहा पेंशन मामलों में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन विभागों में



प्रकरण लंबित हैं, उनके डीडीओ को नोटिस जारी करने के लिए कहा। कलेक्टर श्री कन्याल ने पशुपालन विभाग को निर्देशित किया कि जिले में संचालित सभी गौशालाओं की सूची उपलब्ध कराई जाए और वहां रह रहे गौवंश की स्थिति की प्रतिदिन रिपोर्टिंग की जाए। साथ ही नगरपालिका को श्वान नियंत्रण हेतु एपीसी प्रोग्राम संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक में गुनिया नदी चौड़ीकरण कार्य का भी उल्लेख किया गया। कलेक्टर श्री कन्युाल ने सभी नागरिकों से श्रमदान कर इस कार्य में सहयोग की अपील की। साथ ही क्रम बनाकर हर विभाग को श्रमदान के लिए कहा। उन्होंने बताया कि कार्य की प्रगति और सटीकता सुनिश्चित करने के लिए ड्रोन सर्वे भी कराया जाए, जिससे कार्य के पहले और बाद की प्रगति दिखे। भूमि आवंटन संबंधी मामलों पर कलेक्टर ने सभी एसडीएम को लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वन विभाग से जुड़े विषयों का भी त्वरित समाधान किया जाए और किसी भी स्थिति में निर्माण कार्य बाधित नहीं होना चाहिए। कलेक्टर ने लंबित पत्रों की बिंदुवार समीक्षा की और सभी को समन्वय बनाकर काम करने के लिए निर्देशित किया।

### सुबह 6 से रात 11 बजे तक भारी वाहनों पर रोक

इधर कलेक्टर किशोर कुमार कन्यारल द्वारा शहर में दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं जनसुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से रात्रि 10ः00 बजे तक लदान रहित 7.05 टन से अधिक वजन वाले भारी माल वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। माल वाहन मारुति शोरूम, भुल्लनपुरा, बूढ़े बालाजी एवं हनुमान चौराहा से शहर के भीतर प्रवेश नहीं करेंगे। अशोकनगर की ओर से आने-जाने वाले मालवाहन बिलोनिया बायपास नानाखेड़ी मंडी गेट हनुमान चौराहा कैंट चौराहा मार्ग से ही आवागमन करेंगे।

## फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देने वाला आरोपी पकड़ा

**जागरण, गुना।** पुलिस ने नाबालिगों और महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों पर सख्त कार्रवाई करते हुए एक बड़ी सफलता हासिल की है। केंट थाना पुलिस ने एक नाबालिग किशोरी से जबरन वसूली (एक्सटॉर्शन) के मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को राजस्थान के कोटा से गिरफ्तार कर लिया है। 22 अगस्त, 2025 को 17 वर्षीय एक नाबालिग ने केंट थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, पीड़िता ने बताया कि वह राजस्थान के कोटा में पढ़ाई कर रही है। दो-तीन महीने पहले उसके दोस्त दीपक सिंह मेहता ने वीडियो कॉल के दौरान उसके कुछ अश्लील फोटो और वीडियो रिकॉर्ड कर लिए थे। इसके बाद, दीपक उसे ये वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा. आरोपी ने अब तक पीड़िता से 2.70 लाख रुपये की जबरन वसूली की है और उस पर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव भी बना रहा था। 21 अगस्त को भी उसने दोबारा कॉल करके पैसों की मांग की। पीड़िता की शिकायत पर, केंट थाने में आरोपी दीपक मेहता के खिलाफ अपराध क्रमांक 811/25, धारा 308(2), 77 बीएनएस, आईटी एक्ट की धारा 66 और पॉक्सो एक्ट की धारा 11, 12, 15 के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले को पुलिस ने तुरंत संज्ञान में लिया. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर और सीएसपी प्रियंका मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अनूप कुमार भार्गव और उनकी टीम ने आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस की एक टीम तुरंत राजस्थान के कोटा पहुंची और आरोपी दीपक सिंह मेहता को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया है।